
मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, शनिवार, 18 अप्रैल 2026
संवत 2083, वैशाख शुक्ल प्रतिपद मूल्य-3 रुपये
वर्ष-9, अंक 213 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ भारतीय दर्शन और मानसिक स्वास्थ्य
अनिल कपूर की सीरीज 24 के नए सीजन की घोषणा 6

महिला आरक्षण विधेयक पर सियासी घमासान

# कांग्रेस की महिला-विरोधी सोच हुई उजागर : किरण रिजूजू

## थरूर बोले- हम महिलाओं के खिलाफ नहीं, परिसीमन मुद्दे पर गंभीर चर्चा की मांग

**नई दिल्ली:** महिला आरक्षण विधेयक के लोकसभा में पारित न हो पाने के बाद, मोदी सरकार को 2014 के बाद पहली बार विधायी विफलता का सामना करना पड़ा। इसके एक दिन बाद, शनिवार को सरकार ने विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि शुक्रवार को जो हुआ, उससे कांग्रेस की महिला-विरोधी मानसिकता स्पष्ट होती है। सरकार की ओर से केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जोरदार हमला बोला और कहा कि विपक्ष को इसके लिए 'लोकतांत्रिक रूप से दंडित' किया जाएगा।



किरेन रिजिजू ने कहा कि बजट सत्र आधिकारिक तौर पर समाप्त हो गया है। यह एक अत्यंत फलदायी बजट सत्र रहा। केंद्रीय बजट सफलतापूर्वक पारित हो गया। दूसरे सत्र में, प्रधानमंत्री ने दोनों सदनों में पश्चिम एशिया के संकट पर बयान दिया। बजट सत्र को तीन दिनों के लिए 16, 17 और 18 अप्रैल तक बढ़ाया गया था। इन तीन दिवसीय विशेष सत्रों के दौरान, नारी शक्ति वंदन अधिनियम और परिसीमन संशोधन विधेयक पेश किए गए। हमारे पास बहुमत है, लेकिन संविधान संशोधन के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत नहीं मिल पाया, इसलिए यह विधेयक पारित नहीं हो सका। सरकार के अन्य सभी विधेयक पारित हो गए।

रिजिजू ने कहा कि लोकसभा में विधेयक के विफल होने से सरकार निश्चित रूप से निराश है, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि यह न तो केंद्र सरकार की विफलता है और न ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की। उन्होंने कहा कि यह सबके लिए 'काला दिन' है और कांग्रेस जिस तरह से जश्न मना रही है वह शर्मनाक और निंदनीय है। हालांकि, रिजिजू ने कहा कि संसद सत्र बेहद सफल रहा और उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री रिजिजू ने कहा कि अगर राहुल गांधी कहते हैं कि महिलाओं को आरक्षण देना असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है, तो किसी को राहुल गांधी को समझाना चाहिए कि महिलाओं को अधिकार देना अलोकतांत्रिक कैसे हो सकता है। उनकी सोच कैसी है, इस पर मैं कुछ नहीं कह सकता। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा की प्रेस ब्रीफिंग के तुरंत बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए रिजिजू ने परिसीमन को लेकर विपक्ष के आरोपों का खंडन किया और कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि किसी भी राज्य का लोकसभा में प्रतिनिधित्व कम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए संशोधन की आवश्यकता थी क्योंकि देश में जनसंख्या भी बढ़ गई है।

# रांची के नये ग्रामीण एसपी बने गौरव गोस्वामी



मेट्रो रेज

**रांची/रामगढ़ :** पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी को पदोन्नति के साथ रांची जिला पुलिस में स्थानांतरित किया गया है। उन्हें अब रांची ग्रामीण एसपी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस उपलब्धि पर शनिवार को पतरातू एसडीपीओ कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां पुलिस पदाधिकारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

कार्यक्रम में पतरातू सर्किल के इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, भुरकुंडा प्रभारी उपेंद्र कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी अख्तर अली, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार और बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने बुके और शॉल भेंट कर गोस्वामी को सम्मानित किया।

विदाई समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने गौरव गोस्वामी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बेहतर रही। उन्होंने टीम भावना के साथ काम करते हुए कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया।

रांची ग्रामीण एसपी के रूप में उनकी नियुक्ति को बड़ी जिम्मेदारी के तौर पर देखा जा रहा है। सहकर्मियों ने उन्हें नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे आगे भी इसी तरह बेहतर नेतृत्व देंगे।

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# दहेज देने की बात स्वीकार करने मात्र से पत्नी के परिवार पर नहीं चलेगा केस

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने दहेज मामलों पर अहम टिप्पणी करते हुए स्पष्ट किया है कि यदि पत्नी अपनी शिकायत में दहेज देने की बात लिखती है, तो केवल इसी आधार पर उसके या उसके परिवार के खिलाफ दहेज देने का मामला दर्ज नहीं किया जा सकता।

जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने पति की उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें उसने दहेज निषेध अधिनियम की धारा 3 के तहत पत्नी के परिवार के खिलाफ अलग से त्र्क्ष्फ्र दर्ज करने की मांग की थी।

पति का तर्क था कि पत्नी ने अपनी शिकायत में दहेज देने की बात स्वीकार की है, इसलिए यह अपराध बनता है। इस पर अदालत ने कहा कि अधिनियम की धारा 7(3) पीड़ितों को अभियोजन से संरक्षण देती है, ताकि वे बिना डर के अपनी शिकायत दर्ज करा सकें। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि दहेज देने के स्वतंत्र और ठोस सबूत मौजूद हों–जो केवल शिकायत या



बयानों से अलग हों–तभी धारा 3 के तहत कार्रवाई संभव है।

गौरतलब है कि मूल रूप से धारा 3 में दहेज देने और लेने दोनों को समान रूप से दंडनीय माना गया था। हालांकि, 1982 में संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट के बाद इसमें महत्वपूर्ण संशोधन किए गए। समिति ने पाया था कि दहेज देने वाले अक्सर अपराधी नहीं, बल्कि सामाजिक दबाव के कारण मजबूर पीड़ित होते हैं। इस फैसले को दहेज पीड़ितों के लिए राहत और न्याय प्रक्रिया को अधिक संवेदनशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।


PR-377740 (Health Med Edu and Family Welfare)26-27

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :
• शरीर में पानी की कमी
• उल्टी, तेज बुखार
• कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
• हृदयाघात, मस्तिष्काघात
• कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग
• साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
• तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से लू प्रभावित व्यक्ति को देते रहें
• बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें





इनका नियमित सेवन करें :-
नमक-चीनी का घोल
छाछ
नींबू-पानी
आम का शर्बत
लस्सी
तरबूज
खरबूजा
खीरा
ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है
• गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
• घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
• लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
• ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
• लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।सावधानियाँ हीं बचाव।
हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
जूते/चप्पल पहनें



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड
National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

### चतरा-हजारीबाग बॉर्डर पर पुलिस- नक्सली मुठभेड़

# 15 लाख के इनामी माओवादी सहित 4 नक्सली ढेर, सर्च अभियान जारी

संवाददाता



**चतरा :** राज्य में नक्सल विरोधी अभियान के तहत चतरा और हजारीबाग पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चतरा के पिपरवार और हजारीबाग के केरेडारी थाना क्षेत्र के बटुका जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में 15 लाख के इनामी माओवादी सब-जोनल कमांडर शाहदेव उर्फ सहदेव महतो समेत चार कुख्यात नक्सली मारे गए हैं।

**भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद :** मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में आधुनिक हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया है। बरामद हथियारों में दो एके-47 राइफल, एक अमेरिकी राइफल समेत कई अन्य अत्याधुनिक और देसी हथियार शामिल हैं। इसके अलावा नक्सली साहित्य, दैनिक उपयोग की सामग्री और बड़ी संख्या में कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

**सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के साथ पुलिस ने किया ऑपरेशन:** जानकारी के अनुसार, पुलिस को चतरा-हजारीबाग बॉर्डर क्षेत्र में नक्सलियों के एक दस्ते की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद चतरा और हजारीबाग पुलिस ने सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के साथ मिलकर इलाके की घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान खुद को चारों ओर से घिरा देख नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी मोर्चा संभाला।

चार नक्सली ढेर: घंटों चली इस मुठभेड़ में चार नक्सली मौके पर ही मारे गए, जबकि कुछ अन्य के घायल होने की आशंका जताई जा रही है। मारे गए नक्सलियों में एक महिला नक्सली नताशा का नाम भी सामने आ रहा है, जो हाल के दिनों में छत्तीसगढ़ से झारखंड आकर संगठन को मजबूत करने में सक्रिय थी। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। मुठभेड़ के बाद पूरे इलाके में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है और सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है। चतरा एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्च अभियान जारी है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मुठभेड़ में कौन-कौन नक्सली मारे गए हैं। जवानों से इनामी नक्सलियों के मारे जाने की सूचना मिली है, लेकिन सर्च ऑपरेशन पूरा होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# डिज्नीलैंड मेला का भव्य आगाज, लोगों में खुशी की लहर

### अतिथियों ने उठाया विदेशी झूले का आनंद

संवाददाता



**खूंटी:** जिलेवासियों के लिए बहुप्रतीक्षित डिज्नीलैंड मेला मनोरंजन पार्क का शुभारंभ आज कचहरी मैदान में बड़े ही धूमधाम से किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि खूंटी विधायक राम सूर्य मुंडा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रानी टूटी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उद्घाटन समारोह में प्रशासनिक और सामाजिक क्षेत्र के कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

यह मेला वर्षों से खूंटी के लोगों के मनोरंजन का प्रमुख केंद्र रहा है। इसका आयोजन हर वर्ष मोहम्मद शबीर अंसारी द्वारा किया जाता है। इस परंपरा की शुरूआत उनके स्वर्गीय पिता मोहम्मद कलीम अंसारी ने दशकों पहले की थी, जिसे आज भी उनकी विरासत के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। यही कारण है कि इस मेले का इंतजार बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर किसी को बेसब्री से रहता है।

इस बार मेले में आकर्षण का खास खजाना देखने को मिल रहा है। यहां टावर झूला, टोरा-टोरा, बोट झूला, ड्रैगन झूला, डिस्को डांस झूला और रोमांच से भरपूर मौत का कुआं जैसे बड़े और आधुनिक झूले लगाए गए हैं। वहीं छोटे बच्चों के लिए भी दर्जनों रंग-बिरंगे झूलों की व्यवस्था की गई है, जिससे उनका उत्साह देखते ही बन रहा है।

मेले में केवल झूले ही नहीं, बल्कि खरीदारी और खानपान का भी भरपूर इंतजाम किया गया है। महिलाओं के लिए साज-सज्जा के सामान, घरेलू वस्तुएं और बच्चों के लिए खिलौनों की कई दुकानें सजी हैं। साथ ही विभिन्न फूड स्टॉल्स में लोगों के लिए स्वादिष्ट व्यंजनों की सुविधा उपलब्ध है, जहां लोग अपने पसंदीदा खाने का आनंद ले सकते हैं। खास बात यह है कि इस बार मेले में आकर्षक सेल्फी प्वाइंट्स भी बनाए गए हैं, जहां लोग अपने यादगार पलों को कैमरे में कैद कर सकते हैं।

उद्घाटन के बाद मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य अतिथियों ने मेले का निरीक्षण किया और विभिन्न झूलों का आनंद भी लिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक, थाना प्रभारी, वार्ड पार्षद खालिद हुसैन, तौसीफ अंसारी, रमेश मांझी, परिमल घोष, दुबराज सिंह मुंडा, नूरी मैडम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत मेले के संचालक मोहम्मद शबीर अंसारी द्वारा बुके देकर किया गया।

खूंटी जैसे जिले में, जहां मनोरंजन के साधन सीमित हैं, वहां यह मेला लोगों के लिए खुशियों का बड़ा जरिया बनकर आया है। मेले के लगते ही पूरे इलाके में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिल रहा है। आने वाले दिनों में यह मेला न सिर्फ बच्चों बल्कि हर उम्र के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहेगा।

## तेज हवा के झोंके से अर्धनिर्मित घर का छत गिरा, एक व्यक्ति की मौत

**खूंटी:** जिले के अड़की प्रखंड से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां तेज तूफानी हवा ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। अड़की थाना क्षेत्र के राबो गांव निवासी गुरुवा मुण्डा की अर्धनिर्मित घर की छत से गिरने से मौके पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवा मुण्डा अड़की प्रखंड मुख्यालय के पास अपना नया घर बना रहे थे। बुधवार शाम वे निर्माणाधीन घर की छत पर काम कर रहे थे, तभी अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी-तूफान चलने लगा। हवा इतनी तेज थी कि छत पर रखे प्लास्टिक और अन्य सामान उड़ने लगे। इसी दौरान गुरुवा मुण्डा भी तेज हवा की चपेट में आ गए और संतुलन खोकर नीचे जमीन पर गिर पड़े।

गिरने से उनके शरीर में गंभीर आंतरिक चोटें आईं और पैर भी टूट गया। घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इस हादसे ने पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ा दी है। बताया जा रहा है कि गुरुवा मुण्डा का बचपन काफी कठिनाइयों में बीता था और वे अपने बच्चों को बेहतर जीवन देने का सपना देख रहे थे। इसी उद्देश्य से वे कड़ी मेहनत कर अड़की में नया घर बना रहे थे, ताकि उनके बच्चे अच्छी पढ़ाई कर सकें और परिवार सुखी जीवन जी सके।

मृतक के पुत्र अमन सिंह नाग ने बताया कि उनके पिता छत पर काम कर रहे थे, तभी अचानक तेज हवा चली और उन्हें नीचे गिरा दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# जेपीएससी परीक्षा को लेकर उपायुक्त व एसपी ने की संयुक्त ब्रीफिंग

### 19 अप्रैल को 12 केंद्रों पर होगी परीक्षा

संवाददाता




**चतरा:** आगामी 19 अप्रैल (रविवार) को आयोजित होने वाली झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा (सीधी भर्ती) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2025 को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल, चतरा में उपायुक्त कीर्तिश्री जी एवं पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल द्वारा संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित कर परीक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।

संयुक्त ब्रीफिंग के दौरान सभी दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों को परीक्षा को कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिले में कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 4280 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली के लिए अभ्यर्थियों का रिपोर्टिंग समय सुबह 8:00 बजे निर्धारित है, जबकि परीक्षा का आयोजन पूर्वाह्न 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक किया जाएगा। वहीं द्वितीय पाली के लिए रिपोर्टिंग समय दोपहर 1:00 बजे निर्धारित है तथा परीक्षा अपराह्न 3:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी स्तर से भी आदेश जारी किए गए हैं।भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस)-2023 की धारा-163 (पूर्व में धारा 144 दंड प्रक्रिया संहिता) के तहत सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू रहेगी।इस परीक्षा के लिए निर्धारित केंद्रों में नाजरेथ विद्या निकेतन हाई स्कूल चतरा, नाजरेथ विद्या निकेतन मिडिल स्कूल चतरा, नाजरेथ स्कूल (इंग्लिश मीडियम) चतरा, उपेंद्रनाथ वर्मा इंटर कॉलेज चतरा, डीएवी पब्लिक स्कूल चतरा, रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर चतरा, एसएस गर्ल प्लस 2 हाई स्कूल, गौरक्षणी रोड चतरा, चतरा कॉलेज चतरा, इंदुमती टिबरेवाल सरस्वती विद्यामंदिर हाई स्कूल चतरा, राज्य संपोषित प्लस 2 हाई स्कूल चतरा, पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, सिमरिया रोड चतरा एवं आरडीएस इंटर कॉलेज चतरा शामिल हैं।निषेधाज्ञा के तहत परीक्षा केंद्रों के आसपास किसी भी प्रकार का घातक हथियार या विस्फोटक पदार्थ लेकर चलना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अनावश्यक भीड़, जुलूस निकालना, लाउडस्पीकर या अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग तथा शांति भंग करने वाली किसी भी गतिविधि पर सख्त रोक रहेगी। इसके अतिरिक्त परीक्षा में कदाचार करना या उसमें संलिप्त होना तथा परीक्षा संबंधी सामग्री का वितरण या प्रचार-प्रसार भी पूर्णतः वर्जित रहेगा।हालांकि यह आदेश कर्तव्य पर तैनात सुरक्षा बलों एवं पारंपरिक रूप से शस्त्र धारण करने वाले समुदायों पर लागू नहीं होगा।जिला प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों एवं आमजन से अपील की है कि वे समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचें एवं जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग प्रदान करें।संयुक्त ब्रीफिंग के दौरान उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सह जिला परिवहन पदाधिकारी माहेश्वरी प्रसाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा,जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार,जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं उपस्थित थे।

## मामूली विवाद में युवक पर जानलेवा हमला, इलाके में सनसनी



**चतरा:** जिले के सदर थाना क्षेत्र से आज सुबह एक खौफनाक वारदात सामने आई है। ग्राम पाराडीह में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें चाकू के वार से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार है। पाराडीह गांव में शनिवार सुबह करीब 8 बजे उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब बसंत भारती नामक शख्स ने अपने ही पड़ोसी रामदेव भारती के घर पर हमला बोल दिया। परिजनों के अनुसार, आरोपी सुबह घर के बाहर आकर गाली-गलौज कर रहा था। विरोध करने पर बात हाथापाई तक पहुँच गई और आरोपी ने चाकू निकालकर युवक और उसके परिवार पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।लहूलुहान हालत में पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लेकर सदर थाने पहुँचा। सदर थाना प्रभारी अवधेश सिंह ने बताया कि घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए तुरंत सदर अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने पीड़ित के पिता रामदेव भारती के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी बसंत भारती की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।

## रांची में ट्रक-डंफर की भीषण टक्कर में प्रतापपुर के युवक की मौत



**चतरा:** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के नवरतनपुर गांव के एक युवक की शुक्रवार को रांची में हुई भीषण सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान फरदीन खान(22), पिता लियाकत खान के रूप में की गई है।जानकारी के अनुसार फरदीन खान उड़ीसा में रहकर ट्रक चलाता था और इसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। शुक्रवार को वह उड़ीसा से ट्रक लेकर रांची की ओर आ रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक ट्रक और डंफर के बीच जोरदार टक्कर हो गई।टक्कर इतनी भीषण थी कि फरदीन खान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना की खबर जैसे ही गांव पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कस्तूरबा विद्यालय में बालिकाओं के बीच खेल सामग्री का वितरण



**चतरा:** सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जिले के लावालौंग प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य चौक के समीप स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान थाना के एएसआई सुरेन्द्र चातर एवं अभिषेक कुमार द्वारा छात्राओं के बीच कैरम बोर्ड,वॉलीबॉल सहित अन्य खेल सामग्री का वितरण किया गया।साथ ही कॉपी,कलम, डायरी एवं बच्चों के लिए बिस्कुट भी उपलब्ध कराया गया।मौके पर दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि पब्लिक और पुलिस के बीच तालमेल को मजबूत करने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं।उन्होंने कहा कि लोग पुलिस के प्रति डर और संकोच की भावना को अपने मन से निकालें तथा किसी भी समस्या में बेधड़क होकर अपनी बात पुलिस के समक्ष रखें।उन्होंने कहा कि पब्लिक और पुलिस के अच्छे सामंजस्य से ही समाज में अपराध पर अंकुश लगाकर अमन-चैन कायम किया जा सकता है।कार्यक्रम में वार्डन अनिता कुमारी, शिक्षिका सपना कुमारी,पुनम कुमारी,शिक्षक दिलीप प्रधान,प्रमोद कुमार,अजय कुमार, अजीत कुमार ठाकुर समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# दुकानदार पर जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**चतरा:** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के केदली बाजार में बालाजी स्टूडियो दुकानदार पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार केदली निवासी विद्यानंद सिंह के 35 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार केदली बाजार में स्थित बालाजी नामक स्टूडियो दुकान चलाता है। वह गुरुवार शाम लगभग 4 बजे स्टूडियो में काम कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही एक सनकी युवक वहां पहुंचा और दुकानदार पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। अचेत अवस्था में छोड़कर भाग गया। हालांकि ग्रामीणों ने घायल



दुकानदार को हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गयाजी मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी युवक केदली निवासी नितेश कुमार वर्मा है, वह सनकी है उसका मानसिक स्थिति भी खराब लग रहा है।घायल गुड्डू की आवेदन पर हंटरगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार और थाना सशस्त्र बल ने आरोपी के घर से दबोच लिया है। पुलिस ने थाना कांड संख्या 53/26 धारा 115(2), 118(1),109,302(2), 324(2) के बीएनएस के धारा दर्ज कर आरोपी को चतरा न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### अफीम तस्करों के खिलाफ चतरा पुलिस की कार्रवाई

## 1 किलो 592 ग्राम अवैध अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



संवाददाता

**चतरा:** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत अनगड़ा गांव में पुलिस ने सुधीर कुमार के घर पर गुरुवार को छापामारी कर 1 किलो 592 ग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तस्कर सुधीर कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने आज यहां बताया कि गुप्त सुचना मिली थी कि सुधीर कुमार अपने घर में व्यापार करने के उद्देश्य से अवैध अफीम रखे हुए है। पुलिस ने टीम का गठन कर छापामारी टीम गठित कर छापामारी की गई। जिसमें उक्त उपलब्धि हासिल हुई। इस संबंध में कुंदा थाना कांड संख्या 23/2026, दिनांक 16.04.2026, धारा -15/18/29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया है।

# घर से भागे 3 बच्चे रेलवे स्टेशन से बरामद, पुलिस ने सुरक्षित लौटाया



## घर से नाराज होकर निकले थे बच्चे, शहर छोड़ने की थी तैयारी

संवाददाता

**रांची :** रांची पुलिस ने बड़ी तत्परता दिखाते हुए खादगढ़ा-कांटाटोली इलाके से घर से बिना बताए निकले तीन बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया है। तीनों बच्चों को रांची रेलवे स्टेशन से बरामद किया गया, जहां वे शहर छोड़ने की तैयारी में थे।

नाराज होकर घर से निकले थे बच्चेः पुलिस के अनुसार, तीनों बच्चे किसी बात को लेकर घर से नाराज होकर निकल गए थे। पूछताछ में एक बच्चे ने बताया कि उसकी कुछ बुरी आदतों को लेकर घर में डांट-फटकार और पिटाई हुई थी, जिसके बाद वह अपने दोस्तों के साथ घर छोड़कर निकल गया।

समय रहते पुलिस ने किया रेस्क्यूः मामले की जानकारी मिलते ही रांची पुलिस सक्रिय हुई और रेलवे स्टेशन पर सर्च अभियान चलाया। इसी दौरान तीनों बच्चों को पकड़ लिया गया और सुरक्षित हिरासत में ले लिया गया।

कानूनी प्रक्रिया जारीः पुलिस ने बच्चों को सकुशल बरामद कर परिजनों को सूचना दे दी है। फिलहाल आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है और बच्चों की काउंसलिंग भी कराई जा रही है, ताकि वे दोबारा ऐसा कदम न उठाएं।

# चतरा के नवपदस्थापित उपायुक्त रवि आनंद ने किया पदभार ग्रहण

## निवर्तमान उपायुक्त कृतिश्री ने पुष्प गुच्छ देकर किया स्वागत

संवाददात

**चतराः** झारखंड सरकार की अधिसूचना के बाद चतरा के नवपदस्थापित उपायुक्त रवि आनंद ने आज पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने निवर्तमान उपायुक्त कृतिश्री से पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर निवर्तमान उपायुक्त ने नवनियुक्त उपायुक्त रवि आनंद को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। पत्रकारों से बात करते हुए नवनियुक्त उपायुक्त रवि आनंद ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता महिला और बाल विकास परियोजना के विकास की होगी। कहा कि सरकार की ओर से जो भी निर्देश होगा उसका अनुपालन किया जाएगा। उनका ध्यान शिक्षा और स्वास्थ्य पर ही होगा। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य सेवा की मूलभूत समस्याओं पर बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि चतरा में खनिज संपदाओं की भरमार है। डीएमएफटी मद से जिले का सर्वांगीण विकास किया जाएगा।



## सुदेश महतो ने सीएम को लिखा पत्र, राज्य में जेटेट जल्द आयोजित करने की मांग



**रांचीः** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर राज्य में जल्द से जल्द झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) आयोजित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि स्पष्ट नीति और नियमावली के अभाव में नियुक्ति और नियोजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है, जिससे अभ्यर्थी मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। सुदेश महतो ने अपने पत्र में लिखा है कि झारखंड उच्च न्यायालय ने 31 मार्च 2026 तक जेटेट का आयोजन करने का आदेश दिया था। हालांकि, सरकार इस समय सीमा के भीतर परीक्षा आयोजित करने में विफल रही है। उन्होंने इसे युवाओं की प्रतिभा का दमन और उनके हौसले को तोड़ने वाला कदम बताया है। पत्र में महतो ने कहा है कि साल 2016 के बाद से, यानी पिछले लगभग 10 सालों से राज्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन नहीं हुआ है। इससे राज्य की बुनियादी शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लाखों बीएड और डीएलएड डिग्री धारक युवाओं को शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में आवेदन करने का मौका भी नहीं मिल पा रहा है, जो उनके अवसर की समानता के मौलिक अधिकार का हनन है। आजसू अध्यक्ष ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि हर साल परीक्षा न होने से अभ्यर्थियों की उम्र सीमा निकल रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि अविलंब एक पारदर्शी नीति और नियमावली बनाकर जेटेट का आयोजन किया जाए। साथ ही राज्य की सभी रुकी हुई नियुक्तियों, रिक्तियों और प्रतियोगी परीक्षाओं को समयबद्ध तरीके से और पूरी पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाए।

# तेज धूप ने किया बेहाल, पारा 35 पार

## 19 से 21 अप्रैल तक 9 जिलों में चलेगी गर्म हवा, हीट वेव का अलर्ट जारी

संवाददाता

**रांचीः** राज्य में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। कल शुक्रवार सुबह कई इलाकों में धुंध छाई रही, जबकि आने वाले तीन दिनों में तापमान बढ़ने के साथ लू चलने की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग ने 19 से 21 अप्रैल के बीच कई जिलों के लिए चेतावनी जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

शुक्रवार सुबह नमी और हवा की रफ्तार कम रहने के कारण कई क्षेत्रों में धुंध छाई रही, जिससे विजिबिलिटी प्रभावित हुई। हालांकि धूप निकलते ही मौसम साफ हो गया और तापमान बढ़ने लगा। मौसम विभाग के अनुसार 18 अप्रैल को तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग ने रांची समेत कई जिलों में दोपहर बाद तेज हवा, मेघ गर्जन, हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिससे लोग सावधानी बरत सकें।



वहीं 19 से 21 अप्रैल के बीच कई जिलों में लू चलने की चेतावनी दी गई है। खासकर पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार में गर्मी का असर ज्यादा रहेगा। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है।

कल शुक्रवार सुबह कुहासे का असर विमानों के परिचालन पर पड़ा। इंडिगो एयरलाइंस की रांची-बेंगलुरु फ्लाइट रांची आने के बाद कोलकाता डायवर्ट कर दी गई। यह विमान सुबह 8:40 बजे के निर्धारित समय की जगह दोपहर 12:25 बजे रांची से उड़ा। वहीं इंडिगो की रांची-कोलकाता फ्लाइट सुबह 8:30 बजे की जगह सुबह 10:40 बजे रांची से रवाना हुई। एयर इंडिया एक्सप्रेस का रांची-मुंबई विमान सुबह 9:30 बजे की जगह 9:13 बजे, इंडिगो का रांची-दिल्ली विमान सुबह 9:10 बजे की जगह सुबह 9:27 बजे और एयर इंडिया एक्सप्रेस का रांची-दिल्ली विमान सुबह 9:30 बजे की जगह सुबह 11:10 बजे रांची से उड़ा।



## झारखंड विशेष शिक्षा सहायक शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2025 का शेड्यूल जारी, 3451 पदों पर होनी है बहाली

**रांचीः** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने विशेष शिक्षा सहायक शिक्षक के कुल 3,451 पदों पर नियुक्ति के लिए आयोजित होनेवाली झारखंड इंटरमीडिएट एवं स्नातक प्रशिक्षित विशेष शिक्षा सहायक शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2025 की तिथियों की घोषणा कर दी है।

यह प्रतियोगिता परीक्षा पांच मई से सात मई तक रांची के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा सीबीटी मोड (कंप्यूटर आधारित) में आयोजित की जाएगी।

पंजीकृत मोबाइल/ई-मेल में दी जाएगी तारीख की सूचनाः आयोग के अनुसार, अभ्यर्थियों को उनके द्वारा दी जाने वाली परीक्षा की तिथि की सूचना शीघ्र ही उनके पंजीकृत मोबाइल/ई-मेल में दी जाएगी। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र परीक्षा के दो दिन पूर्व आयोग की अधिकृत वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन में वर्णित ईमेल/पंजीकरण (आवेदन) संख्या एवं जन्मतिथि डालकर डाउनलोड कर सकेंगे।

आयोग ने सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया है कि परीक्षा प्रवेश पत्र की एक अतिरिक्त प्रति एवं दो फोटो अपने साथ परीक्षा केंद्र पर ले जाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही परीक्षा से संबंधित शुचिता को बरकरार रखेंगे। आयोग ने किसी प्रकार के कदाचार संबंधी प्रयास में शामिल नहीं होंगे की चेतावनी देते हुए दोषी पाए जाने पर झारखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अधिनियम, 2023 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की बात कही है।

झारखंड में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

# 17 जिलों को मिले नए उपायुक्त, पांच डीडीसी बने डीसी



**रांचीः** झारखंड सरकार ने बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए आइएएस अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। कार्मिक विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार विभिन्न मंत्रालयों, निदेशालयों, आयोग व सोसायटी में महत्वपूर्ण पदों पर स्थापित पांच अधिकारियों को जिलों में उपायुक्त के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

वहीं, दर्जनभर जिलों के उपायुक्तों का एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरण किया गया है, जबकि पांच डीडीसी को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए डीसी के पद पर नियुक्त किया गया है।जारी अधिसूचना के अनुसार पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे संदीप कुमार मीणा को लोहरदगा का डीसी नियुक्त किया गया है।

मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के विशेष सचिव राजीव रंजन को पूर्वी सिंहभूम का उपायुक्त बनाया गया है। राजीव रंजन के पास अबतक मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव का भी प्रभार था।

वहीं, झारखंड लोक सेवा आयोग के सचिव संदीप कुमार को लातेहार का उपायुक्त बनाया गया है, जबकि लातेहार में डीसी रहे उत्कर्ष गुप्ता को अब कोडरमा का उपायुक्त बनाया गया है।

इसी तरह जेएसएलपीएस के सीईओ अनन्य मित्तल गढ़वा के उपायुक्त बनाए गए हैं। निबंधन महानिरीक्षक मेघा भारद्वाज को पाकुड़ का तथा उत्पाद आयुक्त लोकेश मिश्रा को गोड्डा का उपायुक्त बनाया गया है।

दिलीप प्रताप सिंह शेखावत को लोहरदगा से हटाकर पलामू का उपायुक्त बनाया गया। वहीं, रांची के डीडीसी सौरभ कुमार भुवानिया अब खूंटी के डीसी बना दिए गए हैं।

इसी तरह खूंटी के डीडीसी आलोक कुमार को जामताड़ा का उपायुक्त बनाया गया है।

हजारीबाग के डीसी शशि प्रकाश सिंह को स्थानांतरित कर देवघर का उपायुक्त बनाया गया है। वहीं, साहिबगंज के उपायुक्त हेमंत सती अब हजारीबाग के डीसी होंगे।

पाकुड़ के डीसी मनीष कुमार को स्थानांतरित कर पश्चिमी सिंहभूम का उपायुक्त बनाया गया है। वहीं, कोडरमा के डीसी रहे ऋतुराज को स्थानांतरित कर रामगढ़ का उपायुक्त नियुक्त किया गया है।

रवि आनंद को जामताड़ा से स्थानांतरित कर चतरा का उपायुक्त बनाया गया। गोड्डा के डीडीसी दीपक कुमार दुबे को साहिबगंज का उपायुक्त नियुक्त किया गया।

Star Union Dai-ich
Life Insurance

## 30 लाख रुपये का मृत्यु दावा निपटाया परिवार को मिली आर्थिक सहायता

**रांचीः** रांची जिले के टाटीसिलवे स्थित पुराना चतरा निवासी स्वर्गीय अमित मुंडा के परिवार को 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मिली है। यह सहायता एसयूडी लाइफ द्वारा मृत्यु दावा निपटाने के तहत प्रदान की गई। कंपनी के अनुसार यह भुगतान उसकी एसयूडी लाइफ वेल्थ लाइफ क्रिएटर योजना के अंतर्गत किया गया। पॉलिसीधारक के निधन के बाद दावा प्रक्रिया पूरी कर राशि नॉमिनी ज्योति देवी को उपलब्ध कराई गई। कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में बड़ी संख्या में दावों का त्वरित निपटारा किया गया है। एसयूडी लाइफ के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभय तिवारी ने कहा कि जरूरत के समय परिवारों तक समय पर आर्थिक सहायता पहुंचाना कंपनी की प्राथमिकता है।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**
**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम-अंश कुमार, उम्र-12 वर्ष, ऊँचाई-4 फीट, रंग-गोरा,
पहनावा-लाल सफेद टी शर्ट, सफेद जिन्स पहने हुए है।

उपरोक्त लापता/अपहृत लड़का अंश कुमार, उम्र-12 वर्ष, पिता-प्रकाश महतो, स्थायी पता-ग्राम सिठियो, थाना-सेन्हा, जिला-लोहरदगा, वर्तमान पता-ग्राम सिमलिया नया टोली, थाना-रातु, जिला-राँची जो दिनांक-07.04.2026 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चले गए है जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में रातु थाना कांड सं0-114/2026, दिनांक-07.04.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता/अपहृत लड़का कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(mc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, मु0, द्वितीय, राँची। - 9431706141
थाना प्रभारी, रातु राँची। - 9431706175

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 377742 Police(26-27)D

# सीबीएसई की दसवीं बोर्ड परीक्षा में 100% रहा एचएम पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम










मेट्रो रेज

**रांचीः** एचएम पब्लिक स्कूल ने सी बीएससी 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार परिणाम दर्ज कराया, विद्यालय के दस टॉपर छात्र में

वैष्णवी कुमारी 90%, आदर्श प्रजापति 89.4%, दीप सेन 88.6%, समीर पांडे 87.8%, उत्तम कुमार 82.4%, नंदिनी कुमारी 82.4% रिशिका कुमारी 82.2%, रोनित सिंह 80.2%, अभिषेक चौरसिया 80%, आंचल कुमारी 80% ला कर विद्यालय का नाम रौशन किए। विषयवार सबसे ज्यादा अंक लाने वाले छात्र अंग्रेजी में वैष्णवी कुमारी और दीप सेन 91, हिंदी विषय में वैष्णवी कुमारी 93, आदर्श प्रजापति 91, गणित विषय में समीर पांडे 85, विज्ञान में समीर पांडे 87, आदर्श प्रजापति 86, दीप सेन 85, सामाजिक विज्ञान में आदर्श प्रजापति 94, वैष्णवी कुमारी 93, कंप्यूटर में दीप सेन 92 अंक ला कर विद्यालय का उत्कृष्ट छात्र बने। विद्यालय के प्राचार्य अरविंद कुमार ने कहा कि इस वर्ष सी बी एस ई की बोर्ड परीक्षा में गणित और विज्ञान विषय का प्रश्न से देश के सभी विद्यालय संतुष्ट नहीं थे, इन दोनों विषयों में बहुत अच्छे अच्छे छात्रों का अंक कम आया और ये परीक्षा 2 की तैयारी कर रहे हैं। प्राचार्य अरविंद कुमार ने इस उपलब्धि के लिए छात्र शिक्षक के साथ छात्रों के परिवार वालों का कड़ी मेहनत के साथ विद्यालय परिसर का शैक्षणिक वातावरण को दिए उन्होंने कहा कि बच्चों की इच्छाशक्ति और शिक्षकों की त्याग से कोई भी मंजिल की प्राप्ति की जा सकती है। छात्रों को विद्यालय में बुला कर सभी शिक्षकों के साथ मुंह मीठा कराया गया।

## लापरवाही से ट्रांसफार्मर में लगी आग, 3 घंटे तक छाया रहा अंधेरा

**गढ़वाः** शहर के व्यस्त मेन रोड स्थित फुटबॉल स्टेडियम के समीप शुक्रवार की रात एक लापरवाही भारी पड़ गई। ट्रांसफार्मर के नीचे जमा कचरे में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना के कारण सदर अस्पताल और चिनिया रोड समेत शहर के कई महत्वपूर्ण हिस्सों में करीब तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, फुटबॉल स्टेडियम के पास स्थित ट्रांसफार्मर के नीचे लंबे समय से कचरा डंप किया जा रहा था। शुक्रवार शाम इसी कचरे में अचानक आग लग गई। लपटें इतनी तेज थीं कि उन्होंने जल्द ही पूरे ट्रांसफार्मर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की स्थिति देख राहगीर और स्थानीय दुकानदार सहम गए। सूचना मिलने के बाद विद्युत विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक उपकरण काफी हद तक क्षतिग्रस्त हो चुके थे। आग लगने की इस घटना से शहर की बिजली व्यवस्था चरमरा गई। सदर अस्पताल, संजना क्षेत्र और चिनिया रोड जैसे इलाकों में करीब 3 घंटे तक बिजली गुल रही। अस्पताल जैसी आपातकालीन सेवाओं पर बिजली कटने का सीधा असर देखा गया, जिससे मरीजों और परिजनों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं.- UDD/HMC/HZB/02/2026-27

| Sl. No. | Particulars | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair of DVC Police Traffic Room, Construction of Seven more Police Traffic Room and Painting of Previous two Traffic Room and Casting of Slabs under Municipal Corporation, Hazaribag | 9,98,000/- | 20,000/- | 5900/- | 90 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 08.05.2026 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 2. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 11.05.2026 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 3. निविदा खोलने का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 11.05.2026 को 3.00 बजे अपराह्न |
| 4. विज्ञापन दाता का पदनाम | : | नगर आयुक्त सह प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग। |

नोट :- निविदा से संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त
नगर निगम, हजारीबाग

PR 377800 Urban Development and Housing(26-27)#D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## गिरा संविधान संशोधन बिल

जैसे कि पहले से कायस लगाए जा रहे थे, शुक्रवार को लोकसभा में संविधान में प्रस्तावित 131वां संशोधन बिल मतदान के बाद गिर गया। दरअसल, यह बिल देश में महिला आरक्षण कानून में संशोधन के लिए लाया गया था। राजनीतिक पंडित पहले ही कह रहे थे कि संविधान संशोधन के लिये जरूरी दो तिहाई बहुमत सरकार के पास नहीं है, जिससे बिल के पारित होने पर संशय था। वैसा ही हुआ और राजग सरकार दो तिहाई वोट हासिल करने में विफल रही। बिल के समर्थन में 298 और इसके विरोध में 230 वोट पड़े। आखिरकार सरकार की ओर से कहा गया कि अब दोनों बाकी प्रस्तावित संशोधन बिलों को आगे न बढ़ाने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि महिलाओं को 33 आरक्षण देने वाले कानून में संशोधन को लेकर बुलाए गए विशेष सत्र में पिछले कुछ दिनों से सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गरमागरम बहस जारी थी। विपक्ष इस संशोधन में शामिल परिसीमन को लेकर सरकार की घेराबंदी कर रहा था। दरअसल, दक्षिण भारत के उन राज्यों में इसको लेकर खासा विरोध था जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रण करके आर्थिक विकास को प्राथमिकता बनाया था। उनकी आशंका थी कि परिसीमन विधेयक के अस्तित्व में आने से संसद में इन राज्यों का प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा। विपक्ष में का आरोप है कि संसद का विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण संशोधन बिल को पारित करने का उपक्रम महज कुछ राज्यों में हो रहे चुनाव में बढ़त हासिल करने के लिये था। ताकि महिला वोटरों को लुभाया जा सके। विपक्ष ने संसद में जारी बहस के बीच कानून मंत्रालय द्वारा महिला आरक्षण अधिनियम 2023 को लागू करने के लिये अधिसूचना जारी करने पर भी सवाल उठाये। उल्लेखनीय है कि महिला आरक्षण कानून का उद्देश्य संसद और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं के लिये 33 फीसदी आरक्षण लागू करने का प्रावधान था। मगर राजग सरकार ने प्रस्तावित 131वें संविधान बिल 2026 में सीटों में आरक्षण को परिसीमन के आधार पर लागू करने की बात कही थी। दरअसल, विपक्ष इस संशोधन बिल की टाइमिंग और आरक्षण को परिसीमन के आधार पर लागू करने की शर्त पर सवाल उठाता रहा है। कांग्रेस पार्टी की ओर से कहा गया कि 33 फीसदी आरक्षण को लोकसभा की मौजूदा सीटों के आधार पर ही लागू करना चाहिए। विपक्ष परिसीमन से उपजी विसंगतियों और दक्षिण के राज्यों की चिंताओं को तरजीह देने की बात करता रहा है। वहीं सत्ता पक्ष की दलील रही कि विपक्ष महिला आरक्षण का विरोध कर रहा है। बिल का मकसद महिला सशक्तीकरण ही है। जिसके लिये इसके लागू करने के तरीके का विरोध किया जा रहा है। सत्ता पक्ष की दलील थी कि परिसीमन संविधान सम्मत है और बढ़ती आबादी के बाद सीटों को तार्किक बनाये जाने की जरूरत है। इस बीच दोनों पक्षों की ओर से एससी-एसटी के हितों के पैरोकार होने की दलीलें भी दी गई। सत्ता पक्ष ने विपक्ष पर उत्तर-दक्षिण का नैरेटिव गढ़ने का आरोप भी लगाया। साथ ही विपक्ष को महिलाओं के आक्रोश की कीमत चुकाने की भी चेतावनी दी। वहीं विपक्ष ने केंद्र पर देश का चुनावी नक्शा बदलने की कोशिश का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि ये संशोधन दलित व पिछड़े वर्गों के हित में नहीं है। सवाल इस बात को लेकर भी उठाये गए कि 2011 की जनगणना को आधार बनाकर परिसीमन करना कितना न्यायसंगत है। इसके लिये नये जनगणना के आंकड़े आने का इंतजार क्यों नहीं किया जा रहा है। वहीं कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने परिसीमन को संघीय ढांचे को प्रभावित करने वाला बताया। उन्होंने महिला आरक्षण लागू करने को परिसीमन से जोड़ने की तार्किकता को लेकर भी सवाल उठाया। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात को खारिज किया कि निर्णय प्रक्रिया किसी भी तरह किसी के साथ भेदभाव करेगी। उन्होंने कहा कि परिसीमन पहले के अनुपात के अनुसार ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 33 फीसदी महिलाओं को यहां आने दें और उन्हें निर्णय करने दें।

## कार्यस्थल पर भयावह

देश की एक प्रमुख आईटी कंपनी की नासिक शाखा में यौन उत्पीड़न और जबरन धर्म परिवर्तन के प्रयासों के चौंकाने वाले आरोप परेशान करने वाले हैं। निस्संदेह, यह प्रकरण बेहद गंभीर है और इन आरोपों ने कार्यस्थल की सुरक्षा जैसे नजरअंदाज किए जा रहे महत्वपूर्ण मुद्दे पर फिर देश का ध्यान आकर्षित किया है। यह आरोप है कि पुरुष कर्मचारियों का एक समूह महिला सहकर्मियों को निशाना बनाने के लिए एक ह्यसंगठित गिरोहह्व की तरह काम कर रहा था। निश्चित रूप से यह घटनाक्रम कंपनी प्रबंधन की उस घोर लापरवाही को ही उजागर करता है जिस के चलते समय रहते इस तरह के यौन उत्पीड़न व धर्म परिवर्तन की कोशिशों पर अंकुश नहीं लग सका। यह विडंबना ही है कि मानव संसाधन प्रबंधक ने कथित तौर पर पीड़िता को शिकायत दर्ज कराने से यह कहकर रोका कि ह्यऐसी चीजें होती रहती हैंह्व आक्षेप लगाया गया है कि इस प्रकरण में आरोपी का ही पक्ष लिया गया। निश्चित तौर पर यह दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम कॉर्पोरेट जगत में व्याप्त विद्रूपताओं और एक गहरी तथा व्यापक विफलता की ओर ही इशारा करता है। जबकि दावा यह किया जाता रहा है कि कॉर्पोरेट जगत की प्राथमिकता कर्मचारियों की सुरक्षा और गरिमा को सुनिश्चत करना है। इसमें दो राय नहीं है कि जब यौन उत्पीड़न रोकथाम ढांचे को लागू करने के लिये जिम्मेदार उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों पर दुर्व्यवहार को सामान्य या मामूली बात समझने का आरोप लगता है, तो सारे संस्थागत सुरक्षा उपाय ध्वस्त हो जाते हैं। निर्विवाद रूप से यह एक दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति है, जब पीड़ित महिला कर्मचारी को न केवल अपराधियों द्वारा बल्कि उनकी सुरक्षा का दायित्व संभालने वालों द्वारा भी चुप कराने के प्रयास किये जाते हैं। एक बार फिर से पुलिस के हस्तक्षेप और परामर्श के बाद ही कई पीड़ित महिला कर्मचारियों ने आगे आने का साहस जुटाया है। जिसके बाद ही मामले में प्राथमिकी दर्ज हो पायी है। बहरहाल, इस दुर्भाग्यपूर्ण प्रकरण को लेकर एक असहज करने वाला प्रश्न यह उठता है कि क्यों भय, सामाजिक कलंक अथवा संस्थागत उदासीनता के कारण देश भर के विभिन्न कार्यस्थलों में ऐसे कितने ही यौन उत्पीड़न के मामले उजागर नहीं हो पाते हैं? इसमें दो राय नहीं कि इस मामले में जांच बिना किसी पुर्वाग्रह के आगे बढ़नी चाहिए। निर्विवाद रूप से आईटी कंपनी के नासिक प्रकरण में सांप्रदायिक या राजनीतिक रंग देने का प्रयास इस संकट की मूल चिंताओं को धूमिल करने का जोखिम जरूर पैदा कर सकता है। निस्संदेह, ऐसी घटनाओं को धार्मिक या वैचारिक नजरिये से देखना कॉर्पोरेट जवाबदेही और लैंगिक संवेदनशीलता वाले सुधारों की तत्काल आवश्यकता से ध्यान भटका सकता है। इस संवेदनशील विषय पर नजर रखने वाले तर्क देते हैं कि उत्पीड़न को संप्रदाय विशेष के अपराध के रूप में देखने के बजाय, इसे एक अधिकारी द्वारा अपने अधिकार के दुरुपयोग के रूप में देखा जाना चाहिए, जो किसी भी संस्थान में पारदर्शिता और प्रवर्तन की कमी वाले वातावरण में ही पनपता है। इस विचलित करने वाले प्रकरण में अधिकारियों की प्रतिक्रिया, जिसमें एक विशेष जांच दल का गठन भी शामिल है, स्वागत योग्य है। वहीं दूसरी ओर इस मामले में महिला आयोग द्वारा भी एक स्वतंत्र जांच की जा रही है, जो कि एक सराहनीय कदम कहा जा सकता है। हालांकि, कॉर्पोरेट जगत से जुड़े कार्यालयों में स्थायी परिवर्तन तभी संभव होगा जब कंपनियां ऐसे मामलों में ह्यशून्य सहिष्णुताह्व की घोषणा करेंगी। इसके साथ ही जरूरत इस बात की भी कि कार्यालयों में ऐसा निर्भयतापूर्ण वातावरण तैयार किया जाए कि कोई भी महिला कर्मचारी बिना डर के बोलने के लिये सशक्त बन सके। उन्हें सशक्त बनाने के लिये आंतरिक तंत्र को सक्रिय रूप से मजबूत बनाने की जरूरत है।

# भारतीय दर्शन और मानसिक स्वास्थ्य

> इसका अभाव ही आज के अधिकांश मानसिक विकारों—क्रोध संबंधी समस्या, आवेगशीलता, चिंता और निर्णय थकान — की जड़ है। अत: वास्तविक मानसिक स्वास्थ्य केवल दवाओं या परामर्शों से नहीं, बल्कि भीतर की धृतिह्व के विकास से जन्म लेता है—और इसकी शुरूआत होती है आहार से।

डॉ. शिवानी कटारा

मानसिक स्वास्थ्यता क्या है? भारतीय दर्शन में मानसिक स्वास्थ्यता का मूल तत्व ह्लधृतिह्व माना गया है और धर्म के दस लक्षणों में प्रथम कहा गया है, धृति केवल साधारण धैर्य नहीं, बल्कि जीवन की रीढ़ है। आज आधुनिक मस्तिष्क-विज्ञान और सकारात्मक मनोविज्ञान इसी धृति को नए नामों में पहचान रहे हैं – मानसिक लचीलापन, भावनात्मक स्थिरता, आत्म-नियंत्रण और आंतरिक शक्ति। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन ( 2022) के अनुसार, जिन लोगों में मानसिक सहनशक्ति अधिक होती है, उनमें तनाव हार्मोन का स्तर कम और हृदय की लय में विविधता बेहतर होती है – यह मन और शरीर के संतुलन का संकेत है।

धृतिवान व्यक्ति वह है जो हर परिस्थिति में भावनात्मक स्थिरता बनाए रखता है, धैर्य और संयम से निर्णय लेता है, निराशा में भी आशा देखता है, और क्षणिक आवेगों पर नियंत्रण रखकर अपने मूल्यों पर अडिग रहता है। इसका अभाव ही आज के अधिकांश मानसिक विकारों – क्रोध संबंधी समस्या, आवेगशीलता, चिंता और निर्णय थकान – की जड़ है। अतः वास्तविक मानसिक स्वास्थ्य केवल दवाओं या परामर्शों से नहीं, बल्कि भीतर की धृतिह्व के विकास से जन्म लेता है – और इसकी शुरूआत होती है आहार से। भारतीय दर्शन कहता है – जैसा अन्न, वैसा मन। और छांदोग्य उपनिषद् में उल्लेख है – ह्लआहारशुद्धौ सत्त्वशुद्धिः,ह्व अर्थात जब भोजन शुद्ध होता है, तब मन और बुद्धि भी निर्मल हो जाते हैं। भोजन केवल पेट भरने का नहीं, बल्कि विचारों और भावनाओं को संतुलित करने का माध्यम है। सात्त्विक भोजन–ताजा, हल्का और पौष्टिक–मन को शांत व स्थिर बनाता है, जबकि तला-भुना व प्रसंस्कृत भोजन चिड़चिड़ापन बढ़ाता है। भोजन का तरीका भी महत्वपूर्ण है–धीरे, सजगता और कृतज्ञता के साथ खाना मन को संतुलित करता है, जिसे आधुनिक विज्ञान में ह्लमाइंडफुल ईटिंगह्व कहा जाता है। विज्ञान अब मानता है कि हमारे पेट और दिमाग का गहरा संबंध है – जिसे आंत-मस्तिष्क संबंध कहा जाता है। हमारी आँतों में रहने वाले सूक्ष्म जीव सेरोटोनिन जैसे रसायन बनाते हैं, जो हमारे मनोभाव यानी खुशी और तनाव को नियंत्रित करते हैं। अगर आहार अस्वस्थ है, तो यह संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे चिंता, अवसाद और थकान बढ़ती है। हार्वर्ड पब्लिक हेल्थ (2024) के अध्ययन के अनुसार, जो लोग अधिक प्रसंस्कृत भोजन खाते हैं, उनमें अवसाद का जोखिम 35% अधिक होता है।

ये सभी केवल धार्मिक साधन नहीं, बल्कि तनाव का जैविक शुद्धिकरण हैं। आधुनिक विज्ञान बताता है कि लगातार तनाव से मस्तिष्क का भय और चिंता नियंत्रक भाग अत्यधिक सक्रिय हो जाता है, जबकि निर्णय और भावनात्मक संतुलन केंद्र की कार्यक्षमता घटती है। परिणामस्वरूप, चिंता, भय और अवसाद अब हर उम्र में सामान्य हो गए हैं। लेकिन जहाँ विज्ञान कारण बताता है, वहीं अध्यात्म समाधान देता है। नियमित ध्यान से सुख हार्मोन तथा स्नेह हार्मोन बढ़ते हैं – जिससे व्यक्ति में शांति, करुणा और आत्म-नियंत्रण स्वाभाविक रूप से विकसित होता है। मस्तिष्क स्कैन अध्ययनों में पाया गया कि ध्यान करने वालों में शांति तरंगें (अ'स्त्राँ हं५ी२) और गहरी विश्रांति तरंगें (ळ्ीॅ३ हं५ी२) अधिक सक्रिय होती हैं। भारतीय दर्शन कहता है – ह्लयोगः चित्तवृत्ति निरोधः,ह्व अर्थात जब मन की चंचलता थमती है, तभी सच्चा योग और वास्तविक मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त होता है। अध्यात्म केवल ध्यान नहीं, बल्कि भक्ति का भी विज्ञान है। जब व्यक्ति यह समझता है कि सब कुछ उसके नियंत्रण में नहीं, और वह किसी विराट शक्ति का अंश है – तब मन में समर्पण का भाव आता है, जो तनाव को पिघला देता है। जैसा कहा गया है – ह्लजो हुआ अच्छा हुआ, जो हो रहा है अच्छा हो रहा है, जो होगा अच्छा ही होगा।ह्व यह कोई साधारण वाक्य नहीं, बल्कि मानसिक पुनर्व्यवस्था (ढ२८ूँ्न'ॅ्न' फीा१ल्लॅ) का सिद्धांत है – जब हम जीवन को नियंत्रण नहीं, बल्कि स्वीकार्यता से देखते हैं, तब मन हल्का हो जाता है। भगवद्गीता में श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं – ह्लतुम्हारा युद्ध दूसरों से नहीं, अपने ही संदेह से है।ह्व यानी आत्म-संघर्ष ही सबसे बड़ा युद्ध है। आत्म-स्वीकृति केवल भावनात्मक निर्णय नहीं, बल्कि मस्तिष्कीय पुनर्संरचना (इ१ल्ल फीद१ल्लॅ) की प्रक्रिया है। यह आत्म-प्रशंसा नहीं, बल्कि आत्म-साक्षात्कार है – ह्लमैं पूर्ण नहीं, पर अपूर्ण भी अस्वीकार्य नहीं।ह्व

श्वास, जो मन की धड़कन समान है, प्राणायाम के माध्यम से संयमित होती है। यह केवल श्वास-प्रश्वास का अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन-ऊर्जा को संतुलित करने की प्रक्रिया है। अध्यात्म में ह्लप्राणह्व शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाला सेतु माना गया है। वैज्ञानिक दृष्टि से प्राणायाम रक्त में ऑक्सीजन बढ़ाकर स्वायत्त तंत्रिका तंत्र (अ४३ङ्मल्लङ्मे ठी१५ङ्म४२ र८२३ी) को संतुलित करता है और तनाव घटाता है। इसी प्रकार मंत्र-जप, विशेषकर ॐ का उच्चारण, मस्तिष्क में लयबद्ध शांति उत्पन्न करता है। यह वेगस तंत्रिका को सक्रिय कर गहरी विश्रांति, बेहतर एकाग्रता और संतुलित नींद में सहायक होता है। जैसे लोहे का टुकड़ा चुंबक के पास रहकर खुद चुंबकीय हो जाता है, वैसे ही हम भी अपने आस-पास के लोगों से ऊर्जा, दृष्टिकोण और संस्कार ग्रहण करते हैं। तुलसीदास जी ने कहा, ह्लसत्संगति जो देई सुमति सोई।ह्व अर्थात – अच्छे संग से ही शुभ विचारों की प्राप्ति होती है। आधुनिक विज्ञान के अनुसार हमारे मस्तिष्क में प्रतिबिंब कोशिकाएँ होती हैं – जो सामने वाले की भावनाएँ देखकर वैसी ही अनुभूति जगाती हैं। इसलिए सकारात्मक संगति मन को शांत करती है, जबकि नकारात्मक संगति तनाव और चिड़चिड़ापन बढ़ाती है। इसे भावनात्मक संक्रमण (ऐङ्म३्रङ्मल्लं' उङ्मल्ल३ँ्रङ्मल्ल) कहा जाता है, जिसे सेवा अपने उच्चतर स्वरूप में पवित्र कर देती है – जहाँ दूसरों के दुःख से जुड़कर मन उदासी नहीं, बल्कि करुणा का स्रोत बन जाता है। भारत आज अश्लील सामग्री देखने वाला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है, जहाँ लगभग 70% दर्शक 18-34 वर्ष के बीच हैं। इसका प्रभाव केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक रूप से भी दिख रहा है – महिलाओं के प्रति असम्मान, विवाहेतर संबंधों में वृद्धि और बलात्कार जैसे अपराधों में बढ़ोतरी। अश्लील सामग्री देखने से आनंद हार्मोन का अत्यधिक स्राव होता है, जिससे मस्तिष्क कृत्रिम सुख का आदी बन जाता है। धीरे-धीरे व्यक्ति भावनात्मक थकान और असंतोष का अनुभव करने लगता है. (2022) के अनुसार, जिन परिवारों में खुला संवाद और स्नेहपूर्ण माहौल होता है, वहाँ युवाओं में आत्म-नियंत्रण अधिक पाई। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में– ब्रह्मचर्य केवल काम-त्याग नहीं, बल्कि ऊर्जा के पुनर्निर्देशन की प्रक्रिया है।) के अनुसार, ब्रह्मचर्य से मानसिक स्पष्टता, एकाग्रता और इच्छाशक्ति बढ़ती है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# अंतरिक्ष में भारत का अगला कदम अब कुछ ही दूर है!

> भारत की अंतरिक्ष यात्रा अब एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है, जहां वह उपग्रह प्रक्षेपण और चंद्र मिशनों के आगे मानव अंतरिक्ष अन्वेषण में उड़ान भरने को उद्यत है, इसलिए भारत आज इसके अगले चरण स्वदेशी स्पेस स्टेशन की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स के निदेशक ए. पकीराज के अनुसार, भारत इसके लिए रूस के दशकों पुराने अनुभव का लाभ उठाना चाहता है।

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत की अंतरिक्ष यात्रा अब एक नए युग में प्रवेश कर रही है, जहां उसके सपने उपग्रह प्रक्षेपण या चंद्रमा-मंगल तक सीमित नहीं रह गए हैं, लक्ष्य है; अंतरिक्ष में अपना स्थायी ठिकाना बनाना। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा प्रस्तावित ह्यभारतीय अंतरिक्ष स्टेशनह्व (बीएएस) इसी महत्वाकांक्षा का प्रतीक है।

भारत की अंतरिक्ष यात्रा अब एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है, जहां वह उपग्रह प्रक्षेपण और चंद्र मिशनों के आगे मानव अंतरिक्ष अन्वेषण में उड़ान भरने को उद्यत है, इसलिए भारत आज इसके अगले चरण स्वदेशी स्पेस स्टेशन की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स के निदेशक ए. पकीराज के अनुसार, भारत इसके लिए रूस के दशकों पुराने अनुभव का लाभ उठाना चाहता है। विशेष रूप से कंट्रोल सिस्टम, पावर सप्लाई, कम्युनिकेशन और ट्रैकिंग जैसे महत्वपूर्ण सब-सिस्टम में दोनों देशों के बीच सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं। निश्चित ही यह सहयोग विज्ञान में सामरिक और दीर्घकालिक साझेदारी का संकेत भी है। कोई प्रश्न खड़ा कर सकता है कि रूस का सहयोग ही क्यों लेना? तब इसका सीधा उत्तर यह है कि भारत और रूस के बीच अंतरिक्ष सहयोग का इतिहास अत्यंत समृद्ध और भरोसेमंद रहा है। वर्ष 1975 में भारत का पहला उपग्रह आर्यभट सोवियत संघ की सहायता से ही प्रक्षेपित किया गया था। इसके बाद 1984 में राकेश शर्मा को अंतरिक्ष में भेजने में भी सोवियत संघ (अब रूस) ने अहम भूमिका निभाई थी। यह भारत के अंतरिक्ष इतिहास का गौरवपूर्ण क्षण था। इसके अलावा क्रायोजेनिक इंजन तकनीक के विकास में रूस का सहयोग भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। वर्तमान में चल रहे गगनयान मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों (व्योमयानियों) के प्रशिक्षण में भी रूस की भूमिका निर्णायक रही है। यह दीर्घकालिक सहयोग अब इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन परियोजना के माध्यम से एक नए आयाम में प्रवेश कर सकता है।

फिलहाल इसरो की योजना के अनुसार, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन वर्ष 2035 तक तैयार हो जाएगा। इसे पृथ्वी से लगभग 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित किया जाएगा और इसका झुकाव 51.6 डिग्री होगा। यह संरचना काफी हद तक रूस के प्रस्तावित रशियन ऑर्बिटल स्टेशन (आरओएस) के समान होगी। क्योंकि इस ऊंचाई और झुकाव का चयन वैज्ञानिक अनुसंधान, पृथ्वी अवलोकन और अंतरिक्ष प्रयोगों के लिए उपयुक्त माना जाता है।

यहां सबसे अधिक इस सफलता के साथ जुड़ी अच्छी बात यह है कि ह्यभारतीय अंतरिक्ष स्टेशनह्व का निर्माण भारत को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में खड़ा करेगा, जिनके पास अपना स्वतंत्र मानवयुक्त अंतरिक्ष स्टेशन हैं। वर्तमान में चीन के पास ही सक्रिय मानवयुक्त स्पेस स्टेशन है, जबकि इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन को 2030-31 तक डीकमीशन किए जाने की योजना है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर नए स्पेस स्टेशनों की आवश्यकता और सहयोग के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं।

यहां उल्लेखित यह भी है कि इसरो का गगनयान मिशन भारत की पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान परियोजना है, जिसके तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजा जाएगा। इस मिशन के सफल होने के बाद ह्यभारतीय अंतरिक्ष स्टेशनह्व परियोजना को और गति मिलेगी। गगनयान, ह्यभारतीय अंतरिक्ष स्टेशनह्व के लिए एक आधार तैयार करेगा, जहां भारत मानव जीवन समर्थन प्रणाली, अंतरिक्ष में दीर्घकालिक निवास और वैज्ञानिक प्रयोगों का अनुभव प्राप्त करेगा।

वर्तमान समय में निश्चित ही यह हर भारतीय के लिए गौरव की बात है कि भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों ने वैश्विक स्तर पर अपनी विश्वसनीयता सिद्ध की है। चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता ने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बना दिया। इससे पहले मंगलयान ने भारत को मंगल ग्रह की कक्षा में पहली ही कोशिश में पहुंचने वाला पहला देश बना दिया था। वस्तुतः इन मिशनों ने न सिर्फ भारत की वैज्ञानिक क्षमता को प्रदर्शित किया, बल्कि कम लागत में उच्च गुणवत्ता वाले अंतरिक्ष कार्यक्रमों का एक वैश्विक मॉडल भी प्रस्तुत किया। यही दक्षता ह्यभारतीय अंतरिक्ष स्टेशनह्व परियोजना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यहां इसकी चर्चा भी आवश्यक है क इसरो ने अपने प्रक्षेपण यानों के क्षेत्र में भी व्यापक प्रगति की है। जीएसएलवी एमके क्कक्क (अब एलवीएम3) भारत का सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान है, जिसका उपयोग गगनयान मिशन में किया जाएगा।

इसके अलावा पीएसएलवी (पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल) ने विश्वसनीयता का एक नया मानक स्थापित किया है और यह विदेशी उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए भी एक प्रमुख माध्यम बन चुका है। इतना ही नहीं भारत अब निजी क्षेत्र को भी अंतरिक्ष क्षेत्र में शामिल कर रहा है, जिससे नवाचार और रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। इन-स्पेस और एनएसआईएल जैसे संस्थानों के माध्यम से स्टार्टअप्स और निजी कंपनियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

ऐसे में स्वभाविक है कि इसरो की उपलब्धियां देश के युवाओं में विज्ञान और तकनीक के प्रति गहरी रुचि पैदा कर रही हैं। चंद्रयान और मंगलयान जैसी सफलताओं ने यह सिद्ध किया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। अब ह्यभारतीय अंतरिक्ष स्टेशनह्व परियोजना भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी।

# अक्षय तृतीया पर क्या करें और क्या नहीं

हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया को अत्यंत शुभ और मंगलकारी माना जाता है। इसे आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन किया गया दान, जप, तप और कोई भी शुभ कार्य अक्षय फल देता है, यानी उसका फल कभी समाप्त नहीं होता। पंडित अनिल शास्त्री के मुताबिक पंचांग के अनुसार, वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 19 अप्रैल सुबह 10:49 बजे से शुरू होकर 20 अप्रैल सुबह 7:27 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के आधार पर 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया है, लेकिन यह तिथि 19 अप्रैल को लग रही है, इसलिए 19 अप्रैल को पूजा का शुभ मुहूर्त है। पूजा का प्रमुख शुभ मुहूर्त 19 अप्रैल को सुबह 10:49 बजे से



दोपहर 12:20 बजे तक रहेगा। इसके अलावा दोपहर, शाम और रात में भी कई अन्य शुभ मुहूर्त उपलब्ध हैं, जिनमें पूजा, दान और खरीदारी करना लाभकारी माना गया है। अनिल शास्त्री का कहना है कि इस दिन सोना खरीदने की परंपरा काफी पुरानी है। माना जाता है कि सोना खरीदने से धन-समृद्धि में लगातार वृद्धि होती है। हालांकि, महंगाई के चलते हर किसी के लिए सोना खरीदना संभव नहीं होता। ऐसे में ज्योतिष शास्त्र के अनुसार कुछ अन्य वस्तुएं भी हैं जिन्हें खरीदना शुभ माना जाता है। अक्षय तृतीया पर मिट्टी के बर्तन खरीदने से मंगल ग्रह मजबूत होता है और जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। वहीं रूई खरीदना शुक्र ग्रह से जुड़ा माना जाता है, जिससे लक्ष्मी कृपा प्राप्त होती है। हल्दी की गांठ खरीदने से गुरु ग्रह मजबूत होता है और जीवन में स्थिरता आती है। इसके अलावा पीली सरसों और पीली कौड़ी खरीदना भी धन और सकारात्मक ऊर्जा के लिए शुभ माना जाता है। तांबा खरीदना सूर्य को मजबूत करता है और मान-सम्मान में वृद्धि करता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व होता है। साथ ही दूध, दही, चावल और सत्तू का दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त भी कहा जाता है, यानी इस दिन विवाह, गृह प्रवेश, नया व्यापार शुरू करना या कोई भी शुभ कार्य बिना मुहूर्त देखे किया जा सकता है। यही कारण है कि इस दिन को साल के सबसे शुभ दिनों में गिना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन क्या न करें? अनिल शास्त्री के मुताबिक अक्षय तृतीया के दिन घर में अंधेरा न रखें। दीया जलाकर रखें। तामसिक भोजन कतई न करें और क्रोध कलह से बचें। उधार का लेन-देन करना भी शुभ नहीं है। इस दिन चमड़े की वस्तुएं खरीदना भी अशुभ माना जाता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई : 37 लीटर विदेशी शराब के साथ फरक्का एक्सप्रेस में कोच अटेंडेंट गिरफ्तार

**संवाददाता**

**बरहरवा:** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर चल रही सघन जांच के बीच आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फरक्का एक्सप्रेस से एक कोच अटेंडेंट को विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से करीब 37 लीटर शराब बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल को आरपीएफ/सीआईबी मालदा और ट्रेन एस्कॉर्ट टीम को गुप्त सूचना मिली थी। इसके आधार पर ट्रेन संख्या 15743 बीएलजीटी-बीटीआई फरक्का एक्सप्रेस में विशेष जांच अभियान चलाया गया। तिलडांगा स्टेशन के समीप कोच संख्या बी-6 के दिल्ली छोर स्थित लॉकर की तलाशी ली गई।तलाशी के दौरान कोच अटेंडेंट ऋषि कुमार पांडेय 35, निवासी साहेबगंज के कब्जे से दो बैग में विदेशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में वह शराब से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। उसने स्वीकार किया कि शराब को एकलखी से जमालपुर अवैध बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था। ट्रेन के बरहरवा स्टेशन पहुंचने पर आरोपी को उतारकर हिरासत में ले लिया गया। बरामद शराब में 19 बोतल व्हिस्की, 24 कैन बीयर और 100 टेट्रा पैक शामिल हैं, जिसकी कुल मात्रा 37.125 लीटर और अनुमानित कीमत 21,770 रुपये बताई जा रही है। आरपीएफ ने विधिवत जब्ती की कार्रवाई पूरी करते हुए पूरे मामले की वीडियोग्राफी कराई। आरोपी को उसके अधिकारों की जानकारी देने के साथ ही परिजनों को सूचित किया गया। बाद में आरोपी और जब्त शराब को उत्पाद विभाग साहेबगंज को सौंप दिया गया। इस संबंध में उत्पाद विभाग ने आरपीएफ की लिखित शिकायत पर केस संख्या 50/26, धारा 47(ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



## धरना प्रदर्शन और आमरण अनशन को लेकर सहायक अध्यापकों का हुजूम रांची रवाना



**एजेंसी**

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य आकलन प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर झारखंड के 40000 आकलन पास एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापक आकलन को टेट के समतुल्य दर्जा देने,समान काम का समान वेतन बिहार राज्य के तर्ज पर टेट का कट ऑफ मार्क्स निर्धारित करने इत्यादि 6 सूत्री मांग को लेकर रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन एवं आमरण अनशन का निर्णय लिया है। वही आज 18 अप्रैल से मुख्यमंत्री आवास के समक्ष झारखंड के 40000 आकलन पास प्रशिक्षित सहायक अध्यापक रांची पहुंचने की तैयारी में है इस क्रम में साहिबगंज के तमाम सहायक अध्यापक जिला अध्यक्ष अशोक कुमार शाह जिला सचिव चंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में आज वनांचल एक्सप्रेस से रांची जाने के लिए साहिबगंज स्टेशन से रवाना हुए।

# थमने का नाम नहीं ले रहा है मिट्टी उत्खनन का खेल

**एजेंसी**

**साहिबगंज/उधवा:** गंगा किनारे अवैध रूप से मिट्टी उत्खनन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। दिन के उजाले में ही जेसीबी मशीन लगाकर बड़े पैमाने पर मिट्टी काटी जा रही है और उसे ट्रैक्टरों के माध्यम से विभिन्न ईंट भट्ठों तक पहुंचाया जा रहा है। इस पूरे अवैध कारोबार में संलिप्त लोग बेखौफ होकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बताया जाता है कि ट्रैक्टर चालक अधिक से अधिक खेप पूरा करने की होड़ में सड़कों पर तेज रफ्तार से वाहन चला रहे हैं। स्थिति यह है कि बस्ती के अंदर भी मिट्टी लदे ट्रैक्टर तेज गति से गुजर रहे हैं। जिससे स्थानीय लोगों के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। वही चांद शहर में शुक्रवार को तेज गति से चल रहे मिट्टी लोडेड ट्रैक्टरों के खिलाफ स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों ने एकजुट होकर इसका विरोध किया और स्पष्ट रूप से कहा कि बस्ती के अंदर इस तरह ट्रैक्टरों का परिचालन अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोगों का कहना है कि लगातार हो रहे इस अवैध उत्खनन और तेज रफ्तार वाहनों के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अविलंब इस पर रोक लगाने और मिट्टी लदे ट्रैक्टरों के बस्ती के अंदर परिचालन पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने की मांग की है। साथ ही अवैध उत्खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की है।गौरतलब है कि गंगा किनारे हो रहे अवैध मिट्टी उत्खनन को लेकर पूर्व में भी विभिन्न समाचार पत्रों और चैनलों में खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद अब तक इस पर प्रभावी अंकुश नहीं लगाया जा सका है।



# आभूषण व्यवसायी के घर से लाखों के सोने-चांदी के जेवर व नगदी चोरी

**एजेंसी**

**साहिबगंज/उधवा:** राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदशहर पंचायत में बीती रात चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। जहां अज्ञात चोरों ने एक सुनार के घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी पर हाथ साफ कर लिया। घटना के बाद राधानगर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, चांदशहर निवासी संजय स्वर्णकार ने बताया कि गुरुवार की रात परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद अपने-अपने कमरों में सो गए थे। रात के सन्नाटे का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में प्रवेश कर गए और बड़ी ही सफाई से वारदात को अंजाम दिया। घटना का खुलासा शुक्रवार सुबह उस वक्त हुआ, जब उनकी पत्नी घर की सफाई कर रही थीं। सफाई के दौरान जब वह दूसरे कमरे में पहुंचीं, तो देखा कि शोकेश खुला हुआ हैऔर उसमें रखा बैग एवं पर्स गायब है। इसके बाद जब घर में तलाश की गई, तो पर्स और छोटा बैग सीढ़ी के नीचे गिरा हुआ मिला, लेकिन उसमें रखे सभी कीमती गहने और नगदी गायब थे। पीड़ित संजय स्वर्णकार ने आशंका जताई कि चोर पहले छत पर चढ़े और फिर सीढ़ी के रास्ते घर में घुसकर घटना को अंजाम दिया। चोरी की इस घटना में लाखों रुपये के जेवरात व नकदी की क्षति होने की बात कही जा रही है। उधर घटना की सूचना मिलते ही राधानगर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक जुमराती अंसारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से जानकारी ली। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा छत के रास्ते प्रवेश के बिंदु का भी जायजा लिया। फिलहाल पुलिस मामले की गहन छानबीन में जुटी हुई है।



## भगवान परशुराम का जन्म उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाने का निर्णय

**सनातन शोभायात्रा पर भंडारा का आयोजन**

**संवाददाता**

**साहिबगंज:** शहर में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। आगामी 19 अप्रैल दिन रविवार को साहिबगंज में श्री हरि विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का जन्म उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।साथ ही इस बार उस दिन सनातन शोभायात्रा निकाला जाएगा कार्यक्रम की शुरूआत मारवाड़ी ब्राह्मण पंचायत भवन में भगवान परशुराम जी का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन सुबह 8:30 बजे किया जाएगा उसके उपरांत ध्वजारोहण होगा।शोभायात्रा की शुरूआत सुबह 9:30 बजे मारवाड़ी ब्राह्मण पंचायत भवन (छोटी धर्मशाला) होते हुए बाटा चौक,स्टेशन चौक,कॉलेज रोड,पूर्वी फाटक तक पहुंचेगी।वहां एन आर पी सेंटर स्कूल में सामाजिक गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा,सामूहिक भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।




**जिला क्रिकेट लीग जूनियर टी-20 टूर्नामेंट**

## संत जेवियर स्कूल ए व जवाहर नवोदय विद्यालय ने दर्ज की जीत

**एजेंसी**

**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में सिदो कान्हू स्टेडियम में चल रहे डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग जूनियर टी-20 टूर्नामेंट के तहत शुक्रवार को दो मैच हुए। पहला मैच संत जेवियर स्कूल ए बनाम रेलवे स्कूल जबकि दूसरा मैच माही स्पोर्ट्स ब्लू बनाम जवाहर नवोदय विद्यालय के बीच खेला गया। पहले मैच में संत जेवियर स्कूल ए ने टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 217 रन बनाए। आदित्य ज्ञान ने 72, शांतनु ने 38 व अमूल कुमार ने 27 रन की पारी खेली। रेलवे स्कूल के गेंदबाज शिवम गुप्ता ने 5 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी रेलवे स्कूल की टीम 13 ओवर में 78 रन बना कर ऑल आउट हो गई। उमंग ने 18, फरहान व विशाल ने 13-13 रन की पारी खेली। संत जेवियर के गेंदबाज जुनैद, सचिन, प्रतीक व अमूल ने 2-2 विकेट लिए। संत जेवियर स्कूल ए ने 139 रन से जीत दर्ज की। संत जेवियर स्कूल के खिलाड़ी आदित्य को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि अमरदीप सिंह ने आदित्य को पुरस्कृत किया। दूसरे मैच में जवाहर नवोदय विद्यालय ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 5 विकेट पर 178 रन बनाए। प्रीतम रविदास ने नाबाद 76, अमन कुमार में 32, सोनू साह ने 27 रन की पारी खेली। माही स्पोर्ट्स ब्लू के गेंदबाज विनीत यादव ने 3 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी माही स्पोर्ट्स ब्लू 16 ओवर में 9 विकेट पर 117 रन ही बना सकी। सोनू कुमार ने नाबाद 29, अंश राज ने 25 रन की पारी खेली। जवाहर नवोदय के गेंदबाज संजीत ने 4 व मोनू कुमार ने 2 विकेट लिए। जवाहर नवोदय ने 61 रन से जीत हासिल की। जवाहर नवोदय के खिलाड़ी प्रीतम रविदास को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि चेतन भरतिया ने प्रीतम रविदास को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। वहीं सभी खिलाड़ियों के बीच डायरी व पेन का वितरण किया।



# वैदिक मंत्रों की गूंज के साथ संपन्न हुआ नौ दिवसीय श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

- भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव विशेष रूप से कोलकाता से साहिबगंज पहुंचे

**संवाददाता**

**साहिबगंज:** शहर के पूर्वांचल दुर्गा पूजा समिति साक्षरता चौक काटर गंज द्वारा दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भव्य रूप से संपन्न हो गया। अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी,जहां भक्तों ने देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना,यज्ञ मंडप की परिक्रमा और साधु-संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया।सुबह से ही महिला,पुरुष,बच्चे और बुजुर्गों का सैलाब महायज्ञ स्थल पर देखने को मिला।भक्तों ने पूरे श्रद्धाभाव से हवन,आरती और पूजन में भाग लिया,वहीं मेला परिसर में भी लोगों ने उत्साह के साथ आनंद उठाया। इस महायज्ञ में देश के विभिन्न हिस्सों से साधु-संतों की टोली पहुंची,जिनमें अयोध्या धाम से संत बाबा सीताराम दास जी सहित बड़ी संख्या में नागा साधु शामिल रहे।यज्ञ संरक्षक महामंडलेश्वर श्री अयोध्या दास शास्त्री जी महाराज के नेतृत्व में काशी के आचार्य डॉ.हरेंद्र द्विवेदी के सानिध्य में 21 पुरोहितों की टीम ने संयुक्त रूप से 33 करोड़ देवी-देवताओं का आह्वान कर 11 कुंडीय महायज्ञ में हवन और आरती संपन्न कराई।समापन के अवसर पर दोपहर से देर शाम तक भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महायज्ञ के दौरान वृंदावन से आई रासलीला टीम ने नौ दिनों तक मनमोहक प्रस्तुतियां दीं जिसे प्रतिदिन भारी संख्या में लोगों ने सराहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव भी विशेष रूप से कोलकाता से साहिबगंज पहुंचे।उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र की पवित्रता और सकारात्मकता बढ़ती है।उन्होंने सनातन धर्म की एकता और समरसता की परंपरा को देश की शक्ति बताया।उन्होंने कहा कि जब से देश में यशस्वी तपस्वी नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं तब से लगातार देश में सनातन धर्म का उत्थान किया जा रहा है।नियमित रूप से कई कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि इस आयोजन में देशभर से बड़ी संख्या में साधु संत यहां पहुंचे जिससे यह धरती धनी हुई है। और निश्चित रूप से यहां के वातावरण में एक पॉजिटिविटी विचारधारा भी पैदा हुई है। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष विमल यादव ने बताया कि आयोजन में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। पूरे परिसर में दर्जनों सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे और 35 देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं।भव्य मेले का भी आयोजन किया गया,जिसने इस धार्मिक आयोजन को और आकर्षक बना दिया।महायज्ञ की सफलता में यज्ञ संरक्षक श्री अयोध्या दास शास्त्री जी महाराज,पंडित भोला पांडे,मुख्य जजमान केदार यादव,धीरन यादव,आदित्य यादव,मनोज केशरी,दारा सिंह यादव,कृष्णा शर्मा,विजय सिन्हा सहित समिति के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



**न्यूज IN ब्रीफ**

### उधवा में महाराष्ट्र पुलिस की दबिश, ज्वेलरी चोरी कांड में संदिग्धों की तलाश तेज

**-पुणे के हड़पसर स्थित आभूषण दुकान से लाखों की चोरी, सीसीटीवी सुराग के आधार पर राधानगर में जांच**

उधवा: महाराष्ट्र के पुणे शहर में हुए एक बड़े ज्वेलरी चोरी कांड की जांच अब झारखंड के उधवा प्रखंड तक पहुंच गई है। मामले में सुराग की तलाश करते हुए महाराष्ट्र पुलिस की एक टीम राधानगर थाना क्षेत्र में पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से संदिग्धों के ठिकानों पर सत्यापन अभियान चलाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते 30 मार्च को पुणे के हड़पसर इलाके स्थित एक आभूषण दुकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया था। चोरों ने दुकान का शटर काटकर अंदर प्रवेश किया और सोना-चांदी के सिक्के, मूर्तियां, कंगन सहित लाखों रुपए के कीमती आभूषण लेकर फरार हो गए। घटना के बाद दुकान मालिक संदीप परशुराम ने हड़पसर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए हड़पसर थाना पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू की। घटनास्थल से ऑक्सीजन सिलेंडर सहित अन्य उपकरण बरामद किए गए, जिससे यह संकेत मिला कि चोरी की वारदात योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दी गई। वहीं, दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद कुछ संदिग्धों की पहचान के संकेत मिले। इन्हीं सुरागों के आधार पर महाराष्ट्र पुलिस की टीम बुधवार को राधानगर थाना पहुंची। स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर टीम ने गोलढाब चुआर समेत आसपास के कई इलाकों में संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया और आवश्यक जानकारी जुटाई। हालांकि, गहन जांच और छानबीन के बावजूद पुलिस को कोई ठोस सफलता हाथ नहीं लगी। सूत्रों के अनुसार, महाराष्ट्र पुलिस की टीम गुरुवार शाम को बिना किसी गिरफ्तारी के वापस लौट गई, लेकिन मामले में आगे की कार्रवाई जारी रहने की बात कही जा रही है।

### उधवा में गहराया गैस संकट, कालाबाजारी से लोग परेशान

**विद्यालयों में मिड-डे मील प्रभावित, बिचौलियों पर ओटीपी लेकर सिलेंडर हड़पने का आरोप,1800-1900 रुपये में अवैध बिक्री**

साहिबगंज/उधवा :प्रखंड क्षेत्र में रसोई गैस की भारी किल्लत से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पिछले कई दिनों से गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति नहीं होने के कारण जहां ग्रामीण परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं इसका असर विद्यालयों में संचालित मिड-डे मील योजना पर भी साफ देखने को मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उधवा के विभिन्न विद्यालयों में समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे बच्चों के लिए भोजन बनाने में दिक्कतें आ रही हैं। इस संबंध में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अटल बिहारी भागत ने भी खेद जताते हुए कहा कि आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। ताकि बच्चों की पढ़ाई और पोषण पर असर न पड़े। इधर गांव और मुहल्लों में स्थिति और भी चिंताजनक बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है। कि बिचौलिये गैस एजेंसी और उपभोक्ताओं के बीच सक्रिय होकर अवैध तरीके से सिलेंडरों की कालाबाजारी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ बिचौलिये ग्रामीण महिलाओं से ओटीपी लेकर उनके नाम पर आने वाले सिलेंडर को खुद प्राप्त कर लेते हैं और बाद में उसे ऊंचे दामों पर बेच देते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं तक 1800 से 1900 रुपये तक में पहुंचाया जा रहा है, जो पूरी तरह अवैध है। निर्धारित मूल्य से कहीं अधिक कीमत वसूल कर बिचौलिये मोटी कमाई कर रहे हैं, जबकि आम उपभोक्ता ठगा महसूस कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि इंडेन गैस के सिलेंडर 18 से 19 सौ के बीच में उपलब्ध कराया जाता है।जिससे अधिकतर उपभोक्ताओं को समय पर गैस नहीं मिलने के कारण उन्हें मजबूरन ऊंचे दामों में गैस लेने को मजबूर हो रहे है। परिणामस्वरूप लोग मजबूर होकर पुराने चूल्हे, लकड़ी और अन्य पारंपरिक ईंधनों का सहारा लेने को विवश हो गए हैं।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस आपूर्ति को नियमित किया जाए और कालाबाजारी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### हाईस्कूल मैदान परिसर में झामुमो प्रखंड समिति की बैठक

**सभी 22 पंचायत के अध्यक्ष, सचिव सह सम्मानित कार्यकर्ताओं से मिले पंकत मिश्रा**



**साहिबगंज/बरहेट :**प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ऐस ऐस डी हाईस्कूल मैदान परिसर में झामुमो प्रखंड समिति की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष बर्नार्ड मरांडी के अध्यक्षता में आयोजित कि गई। उक्त बैठक में मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा शामिल हुए। श्री मिश्रा को प्रखंड समिति द्वारा बुके एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। श्री मिश्रा ने सभी 22 पंचायत के अध्यक्ष सचिव सह सम्मानित कार्यकर्ताओं का हाल चाल पूछा एवं एसआई आर के बारे में विस्तृत रूप से बारी-बारी से जानकारी दिये।इससे पहले श्री मिश्रा ने प्रखंड परिसर में नव निर्मित इंडोर स्टेडियम का विधिवत रूप से फिता काटकर एवं नारियल फोड़कर शुभ उद्घाटन किया।मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण सिंह,सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम,जिप अध्यक्ष मोनिका किस्कू,युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय गोस्वामी,केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा,पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो नजरूल इस्लाम,जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी,सिमोन मालतो,जिला संगठन सचिव छवि हेंब्रम,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी,सचिव मुजीबुर्रहमान, मोहम्मद अली अंसारी,निमाय चंद्र शील,एजाज अंसारी,नूर हुसैन अंसारी,लखीराम हेंब्रम,गुंजन सिंघानिया,उपप्रमुख रुपक साह,पुसा टुडू,अब्दुल मजीद,पप्पू भगत,जिसू मरांडी,जिप सदस्य जेठा मुर्मू,शमीम अंसारी बाबुधन टुडू बेला किस्कू,सुनीता टुडू,पार्वती हांसदा सहित सभी 22 पंचायत के अध्यक्ष सचिव एवं अन्य मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**बिजली दर में हुई वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन**



**साहिबगंज :**प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के निदेर्शानुसार आज साहेबगंज जिला भाजपा के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष गौतम कुमार यादव के नेतृत्व में बिजली दर में हुई जनविरोधी वृद्धि के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।इस अवसर पर प्रभारी के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मीरा प्रवीण सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रही।जिला मुख्यालय स्थित विद्युत विभाग कार्यालय के समक्ष भाजपा कार्यकताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आम जनता की आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के माध्यम से झारखंड सरकार द्वारा बिजली दर में की गई भारी वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग की गई।जिला अध्यक्ष गौतम कुमार यादव ने कहा कि राज्य सरकार लगातार जनविरोधी निर्णय लेकर गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ डाल रही है।एक ओर बिजली दर में वृद्धि की जा रही है,वहीं दूसरी ओर आम जनता को सुचारू बिजली आपूर्ति भी नहीं मिल रही है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है।उन्होंने आगे कहा कि यदि सरकार जल्द से जल्द बिजली दर में वृद्धि का निर्णय वापस नहीं लेती है।तो भारतीय जनता पार्टी जनहित में आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होगी।इस विरोध प्रदर्शन में कार्यक्रम के संयोजक सोनेलाल ठाकुर,सहसंयोजक सागर मंडल,उपाध्यक्ष गरिमा शाह,मंत्री चांदनी देवी,युवा मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र मंडल,नगर अध्यक्ष विनोद कुमार चौधरी,अनुराग राहुल,जितेन्द्र पंडित,कुणाल मंडल,पिंटू घोष,मनीष भारती,मनोज ठाकुर,चंदन श्रीवास्तव, मुन्ना मंडल,परमानंद मंडल,शेखर वर्णन, मुकेश कुमार,जयकांत वर्मा,अरबिंद सिन्हा,बिक्रम दास,अर्धेन्दू बोस,चेतन शर्मा,संजीव ओझा,अमित भारती, प्रकाश पंडित सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। मुख्य मांगें बढ़े हुए बिजली दर को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए, राज्य में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए,जले एवं खराब ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदला जाए,स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही अनियमित वसूली पर रोक लगाई जाए।

# आईपीएल 2026 में लगातार हार से निराश केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा-मुश्किल दिनों को अपनाना होगा

**अहमदाबाद :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की खराब फॉर्म जारी है। टीम अपने शुरूआती छह मुकाबलों में जीत दर्ज नहीं कर सकी है। टीम को शुक्रवार को गुजरात टाइटंस के 180 रन बनाने के बावजूद 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस बीच कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टीम की स्थिति पर खुलकर बात करते हुए खिलाड़ियों से सकारात्मक बने रहने और कठिन समय को स्वीकार करने की अपील की है।

मैच के बाद रहाणे ने कहा कि टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला इस सोच के साथ लिया था कि बल्लेबाज खुलकर खेल सकें। उन्होंने कहा, “हम बतौर बल्लेबाजी टीम इस विकेट पर 200 रन का लक्ष्य सोच रहे थे, जो चुनौतीपूर्ण होता। हालांकि,



उन्होंने कैमरन ग्रीन की पारी की जमकर तारीफ की। रहाणे ने कहा, “कैमरन ग्रीन ने शानदार बल्लेबाजी की। आप विकेट गंवा सकते हैं, लेकिन हम 180 रन तक पहुंचे, उसमें उनका बड़ा योगदान रहा। लगातार हार के बावजूद रहाणे ने टीम को सकारात्मक रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा, एक खिलाड़ी के रूप में आपको कठिन दिनों को भी अपनाना पड़ता है। सिर ऊंचा रखें, हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करें। हमारे लिए जरूरी है कि हम सकारात्मक सोच के साथ मैदान पर उतरें और खुलकर खेलें। गेंदबाजी को लेकर रहाणे ने साफ तौर पर माना कि पावरप्ले में टीम की कमजोरी सामने आई है। उन्होंने कहा, “सच यह है कि पावरप्ले में गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ी अनुभवहीन हैं। लेकिन वे पूरी कोशिश कर रहे हैं, विकेट लेने की कोशिश कर रहे हैं, भले ही अभी सफलता नहीं मिल रही।

उन्होंने अनुकूल रॉय, कार्तिक त्यागी और वैभव अरोड़ा जैसे गेंदबाजों का समर्थन करते हुए कहा कि ये खिलाड़ी लगातार मेहनत कर रहे हैं। रहाणे ने यह भी बताया कि कैमरन ग्रीन गेंदबाजी नहीं कर सके क्योंकि उन्हें ऐंठन (क्रैम्प्स) की समस्या थी। कप्तान ने अंत में कहा, “जब आप लगातार हारते हैं तो नकारात्मक सोच आना आसान होता है, लेकिन मैं टीम पर गर्व करता हूं। हमें एक-एक मैच पर ध्यान देना है और हर दिन बेहतर बनने की कोशिश करनी है। कोलकाता नाइट राइडर्स को अब ज्यादा समय नहीं मिलेगा, क्योंकि टीम को अगले 48 घंटों के भीतर अपने घरेलू मैदान पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उतरना है।

## प्रीमियर लीग में 25 साल बाद लौटा कोवेंट्री सिटी, ब्लैकबर्न से ड्रॉ के साथ किया प्रमोशन पक्का

**ब्लैकबर्न :** कोवेंट्री सिटी ने 25 साल बाद प्रीमियर लीग में वापसी कर इतिहास रच दिया। टीम ने ब्लैकबर्न रोवर्स के खिलाफ शुक्रवार रात 1-1 से ड्रॉ खेलते हुए चैंपियनशिप से प्रमोशन सुनिश्चित कर लिया। कोवेंट्री सिटी को प्रमोशन पक्का करने के लिए सिर्फ एक अंक की जरूरत थी, जिसे टीम ने हासिल कर लिया। मैच में ब्लैकबर्न ने दूसरे हाफ की शुरूआत में रयोया मोरिशिता के गोल से बढ़त बनाई, लेकिन अंत में बॉबी थॉमस ने हेडर से बराबरी का गोल कर टीम को जरूरी अंक दिला दिया। इस ड्रॉ के साथ कोवेंट्री सिटी ने 43 मैचों में 86 अंक हासिल कर तालिका में शीर्ष स्थान मजबूत किया। तीसरे स्थान पर मौजूद मिलवॉल उससे 13 अंक पीछे है और अब उसे पकड़ नहीं सकता। टीम के कोच फ्रैंक लैम्पार्ड ने स्काई स्पोर्ट्स से इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, “यह एक अविश्वसनीय पल है। हमें पता था कि हम करीब हैं, लेकिन 25 साल बाद इसे हासिल करना शानदार है। यह क्लब और इसके प्रशंसकों के लिए बहुत मायने रखता है। लैम्पार्ड के कोचिंग करियर में यह पहला प्रमोशन है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके करियर की सबसे खास उपलब्धियों में से एक है।

# स्टटगार्ट ओपनः एंड्रीवा ने स्वियातेक को चौंकाया, सेमीफाइनल में रयबाकिना से भिड़ंत तय

एजेंसी

**स्टटगार्ट :** स्टटगार्ट ओपन टेनिस टूनार्मेंट में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहां रूस की युवा खिलाड़ी मिर्रा एंड्रीवा ने दो बार की चैंपियन इगा स्वियातेक को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना शीर्ष वरीय एलेना रयबाकिना से होगा। 18 वर्षीय एंड्रीवा ने शानदार वापसी करते हुए स्वियातेक को 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। पहले सेट में पिछड़ने के बाद एंड्रीवा ने



जबरदस्त खेल दिखाया और निर्णायक सेट में दो बार सर्विस ब्रेक कर मुकाबला अपने नाम किया।

इससे पहले, शीर्ष वरीय रयबाकिना ने कनाडा की लेयला फर्नांडीज को कड़े मुकाबले में 6-7 (5/7), 6-4, 7-6 (8/6) से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह मैच करीब तीन घंटे तक चला, जिसमें रयबाकिना ने अंतिम सेट के टाईब्रेक में दो मैच प्वाइंट बचाकर शानदार जीत दर्ज की। मैच के बाद रयबाकिना ने कहा, “शुरूआत में काफी निराशा थी और मेरी सर्विस काम नहीं कर रही थी। लेकिन धीरे-धीरे मैंने खुद को संभाला और लय हासिल की। स्वियातेक, जिन्होंने अपने छह ग्रैंड स्लैम खिताबों में से चार फ्रेंच ओपन की क्ले कोर्ट पर जीते हैं, इस मुकाबले में फेवरेट मानी जा रही थीं, लेकिन एंड्रीवा के आक्रामक खेल के सामने टिक नहीं सकीं। गौरतलब है कि एंड्रीवा ने पहले दौर में गत चैंपियन जेलेना ओस्टापेंको को भी बाहर किया था, जिससे उनका आत्मविश्वास पहले ही बढ़ चुका था। एंड्रीवा ने मैच के बाद कहा, मैं खुद से कह रही थी कि चाहे जो भी हो, मुझे लड़ते रहना है और विश्वास बनाए रखना है कि मैं किसी भी स्थिति से मैच जीत सकती हूं।

# लारा दत्ता को याद आए पुराने दिन

## बताया ‘अंदाज’ के सेट का पर कैसा था अक्षय कुमार का व्यवहार?

**एक्ट्रेस लारा दत्ता ने हाल ही में साल 2003 में रिलीज हुई अपनी पहली फिल्म ‘अंदाज’ को याद किया। एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म की शूटिंग के दौरान उनके पहले को-स्टार अक्षय कुमार का उनके और प्रिंयका चोपड़ा के प्रति कैसा व्यवहार था?**



लारा दत्ता और प्रियंका चोपड़ा दोनों ने ही फिल्म ‘अंदाज’ से अपना डेब्यू फिल्म इंडस्ट्री में किया था। हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में लारा ने अक्षय कुमार की जमकर तारीफ की। साथ ही प्रियंका और अपने शूटिंग के वक्त से जुड़ी कुछ यादें भी ताजा कीं।

### पहले ही जीत चुकी थीं ब्यूटी पेजेंट

फिल्मों में आने से पहले लारा मॉडल हुआ करती थीं। उन्होंने 1997 में मिस इंटरकॉन्टिनेंटल और साल 2000 में मिस यूनिवर्स जैसे ब्यूटी पेजेंट जीते थे। इसी तरह प्रियंका चोपड़ा भी मिस वर्ल्ड 2000 ब्यूटी पेजेंट जीत चुकी थीं। इसके बाद दोनों को डायरेक्टर राज कंवर और प्रोड्यूसर सुनील दर्शन ने फिल्म ‘अंदाज’ के लिए अप्रोच किया जिसमें उनके अपोजिट अक्षय कुमार थे। अब लारा ने बताया कि पहली फिल्म के वक्त उनका और प्रियंका का हाल कैसा था?

### अक्षय ने हमेशा हमें गाइड किया

अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए अभिनेत्री ने कहा, ‘मैं और प्रियंका दोनों ही फिल्म इंडस्ट्री में नए थे। वहीं अक्षय एक सफल एक्टर थे। जब हम दोनों उनके पास पहुंचे तो उन्होंने हमें देखा। वो समझ गए कि दो लड़कियां अपनी आंखों में सपने लिए आ रही हैं, जिन्हें फिल्म इंडस्ट्री के बारे में कुछ भी नहीं पता। इसके बाद अक्षय ने हम दोनों को काफी गाइड किया। उन्होंने कभी हमारा फायदा उठाने के बारे में नहीं सोचा।’

16 कंटेस्टेंट के साथ नगालैंड में खतरनाक स्टंट

# खुशबू पाटनी और फुकरा इंसान लेकर आ रहे नया रियलिटी शो

**ओटीटी पर नया रियलिटी शो दस्तक देने के लिए तैयार है, जिसका नाम है ‘ट्राइबवर्स।’ इस शो का लेटेस्ट प्रोमो रिलीज कर दिया गया है, जिसमें 16 कंटेस्टेंट नगालैंड में टास्क के साथ-साथ जीवन जीने की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। शो 17 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर टेलीकास्ट किया जाएगा।**

शो का प्रोमो आते ही सुर्खियां बटोर रहा है। लेकिन, शो को अमेजन प्राइम पर आने वाले रियलिटी शो ‘द ट्राइब’ से कंपेयर किया जा रहा है। भारतीय सेना का हिस्सा रह चुकी खुशबू पाटनी और फुकरा इंसान यानी अभिषेक मल्हान शो को होस्ट कर रहे हैं। शो में नगालैंड की सबसे खतरनाक और वॉरियर ट्राइब के साथ सोशल मीडिया के बड़े 16 धुरंधर जीवन गुजारने वाले हैं। हर दिन नया टास्क होगा। शो के नए प्रोमो में पानी में तैरने से लेकर लकड़ियों के सहारे आग जलाने की जद्दोजहद को दिखाया गया है। शो का पहला प्रोमो ही धमाकेदार है, लेकिन प्रोमो रिलीज के साथ शो की तुलना 2024 में आए ‘द ट्राइब’ से की जा रही है। इस शो में लॉस एंजिल्स के जंगलों में अलाना पांडे, अलाविया जाफरी, सृष्टि पोरी, आर्याना गांधी और हार्दिक जावेरी जैसे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को एक साथ रखा गया। शो में खतरनाक टास्क से लेकर सभी के सामने जीवनयापन करने की बड़ी चुनौती थी। इस शो के जरिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को मंच देने का काम किया गया था। शो को काफी पॉपुलैरिटी मिली थी। अब ऐसे ही कॉन्सेप्ट पर आधारित नया शो ट्राइबवर्स लाया जा रहा है। हालांकि शो में किन सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को बुलाया गया है, इसको लेकर खुलासा नहीं हुआ है। इसके साथ की सोशल मीडिया पर अपनी फिटनेस के लिए फेमस खुशबू पाटनी के लिए भी शो बहुत खास है क्योंकि यह उनका डेब्यू शो है। खुशबू अभी तक सोशल मीडिया पर महिलाओं की आत्मरक्षा से जुड़े कंटेंट बनाती थीं और उन्होंने खास तौर पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए काली मिर्च का स्प्रे भी तैयार किया था।





# Raaka के लिए दीपिका पादुकोण को मिली Allu Arjun से 7 गुना कम फीस?



अल्लू अर्जुन की फिल्म ‘राका’ का पहला पोस्टर जारी होने के बाद से ही यह लुक और ट्रांसफॉर्मेशन कमाल का है। इस हाई-बजट साइंस-फाई एक्शन फिल्म को लेकर चल रही चर्चा के अलावा एक और मुद्दा भी सामने आया है। खबर आ रही हैं कि दीपिका पादुकोण को इस फिल्म के लिए अल्लू अर्जुन से काफी कम फीस मिल रही है। वो भी थोड़ी बहुत नहीं बल्कि सात गुना कम फीस। दीपिका पादुकोण को बॉलीवुड की सबसे बड़ी अभिनेत्रियों में से एक माना जाता है, जो वर्षों से मुख्य अभिनेत्री के रूप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से मनोरंजन उद्योग पर राज कर रही हैं।



### कितनी है दीपिका पादुकोण की फीस?

डेक्कन क्रॉनिकल की एक रिपोर्ट के अनुसार, अल्लू अर्जुन को इस फिल्म के लिए लगभग 175 करोड़ रुपये मिले हैं। वहीं, दीपिका पादुकोण को 25 करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं। इसके अलावा,रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रश्मिका मंदाना, जिनकी फिल्म की स्टार कास्ट में अभी पुष्टि नहीं हुई है, कथित तौर पर फिल्म में अपनी भूमिका के लिए 5-7 करोड़ रुपये ले रही हैं।

इस रिपोर्ट ने इंडस्ट्री के अंदर मेल और फीमेल एक्टर्स के बीच सैलरी के अंतर को एक बार फिर से जन्म दे दिया है। कई सालों से यह असमानता इंडस्ट्री में एक महत्वपूर्ण मुद्दा रही है, जिसमें महिला अभिनेत्रियों को अक्सर अपने पुरुष को-एक्टर की तुलना में बहुत कम वेतन मिलता है, भले ही वे मुख्य भूमिका निभा रही हों।

### क्या है राका का बजट?

खबरों के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट का बजट 700 करोड़ रुपये है, जो इसे वर्तमान में बन रही सबसे महंगी फिल्मों में से एक बनाता है। हालांकि, इसकी अभी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है और हम इसकी सटीकता के बारे में नहीं कह सकते।

# ’डकैत’ के बाद आदिवि ने किया अपनी अगली फिल्म का एलान



आदिवि शेष अभिनीत फिल्म ‘डकैत’ इस शुक्रवार को रिलीज हुई है। इसके साथ ही शुक्रवार को एक्टर ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा भी कर दी है। खास बात यह है कि इसमें वो रश्मिका मंदाना की पिछली फिल्म ‘द गर्लफ्रेंड’ के निर्देशक के साथ काम करेंगे। मृणाल ठाकुर के साथ फिल्म ‘डकैत’ में काम करने के बाद अब आदिवि शेष अपनी अगली फिल्म पर जुटेंगे। इस फिल्म का निर्देशन हालिया रिलीज रश्मिका मंदाना की फिल्म ‘द गर्लफ्रेंड ‘ के निर्देशक राहुल रविंद्रन करेंगे।

### स्टार कास्ट पर नहीं दी कोई जानकारी

अदिवि इन दिनों फिल्म ‘जी2’ की शूटिंग कर रहे हैं। इसे पूरा करने के बाद वो इस अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे। फिलहाल फिल्म के नाम को लेकर किसी तरह की कोई घोषणा नहीं हुई। ना ही मेकर्स ने फिल्म की बाकी कास्ट की जानकारी दी है।

# अनिल कपूर की सीरीज ‘24’ के नए सीजन की घोषणा

अनिल कपूर इन दिनों ओटीटी पर छाए हुए हैं। जल्द ही उनकी सीरीज ‘24’ भी रिलीज होगी। जानिए कब और कहां, यह सीरीज दर्शकों को देखने को मिलेगी? ओटीटी पर हाल ही में अनिल कपूर की फिल्म ‘सूबेदार’ रिलीज हुई। अब वह सीरीज ‘24’ का नया सीजन भी लेकर आ रहे हैं। इस सीरीज में वह एक जासूस की भूमिका में होंगे। अनिल कपूर ने इस सीरीज से जुड़ी जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की है। अनिल कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा ‘स्पाई थ्रिलर का यूनिवर्स पलटने वाला है। आ रहा है, एक्शन शो ‘24’। यह सीरीज 24 अप्रैल को जियोहॉट स्टार पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में पहले भी अनिल कपूर नजर आ चुके हैं। अब ‘24’ का नया सीजन दर्शकों को देखने को मिलेगा।



### क्या है सीरीज ‘24’ की कहानी?

अनिल कपूर की सीरीज ‘24’ अमेरिकी जासूसी थ्रिलर का इंडियन वर्जन है। इसमें अनिल कपूर एंटी टेररिस्ट यूनिट के ऑफिसर के रोल में नजर आते हैं। इस सीरीज के दो सीजन दर्शक देख चुके हैं। सीरीज में अनिल कपूर ने जमकर एक्शन भी किया था। इस बार भी उनका यही अंदाज दर्शकों को देखने को मिलेगा

# महिला आरक्षण बिल पर चित्तौड़ सांसद जोशी का बड़ा बयान, कांग्रेस महिला विरोधी

एजेंसी

**चित्तौड़गढ़ :** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दे पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस की चाल, चरित्र और चेहरा हमेशा से ही महिला विरोधी रहा है। उन्होंने कहा कि जब देश में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाने का अवसर आया, तब कांग्रेस और विपक्षी दलों ने उसका समर्थन नहीं करके देश की लगभग 50 प्रतिशत महिला आबादी की आकांक्षाओं के साथ अन्याय किया है। सांसद सीपी जोशी ने शुक्रवार देर रात बयान जारी कर कहा कि केंद्र की सरकार की और से लाए गए नारी शक्ति वंदन



अधिनियम देश की महिलाओं को राजनीति में समान भागीदारी देने की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरगामी निर्णय है। इस कानून के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया, जिससे देश की महिलाएं निर्णय प्रक्रिया में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी को और मजबूत बना सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। आज देश की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और सरकार की नीतियों का लाभ उन्हें सीधे तौर पर मिल रहा है। ऐसे समय में महिला सशक्तीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध करना कांग्रेस और विपक्ष की संकीर्ण मानसिकता को दशार्ता है। सांसद सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के अधिकारों को लेकर केवल राजनीतिक बयानबाजी की है, लेकिन जब वास्तविक निर्णय लेने का अवसर आया तो उन्होंने विकास की इस ऐतिहासिक पहल का विरोध किया। इससे स्पष्ट हो जाता है कि कांग्रेस का असली चेहरा महिला विरोधी है और वह महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति गंभीर नहीं है। सांसद सीपी जोशी ने राजस्थान में पूर्व की कांग्रेस सरकार के समय महिलाओं की स्थिति और कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए बताया कि कांग्रेस सरकार के राज में बेटियां असुरक्षित हुई। राजस्थान महिलाओं के खिलाफ अपराध में लगातार टॉप राज्यों में रहा। अलवर, जोधपुर, भीलवाड़ा, उदयपुर में हुई घटनाओं ने प्रदेश को शर्मसार किया। हर बार सरकार ने सिर्फ जांच के वादे किए, अपराधियों में डर खत्म हो गया। महिला सुरक्षा के नाम पर घोषणाएं तो बहुत हुईं, लेकिन निर्भया फंड का इस्तेमाल, महिला गश्ती दल, सीसी टीवी कैमरे - जमीन पर काम आधा-अधूरा रहा। चुनाव से पहले प्रियंका गांधी ने ह्यलड़की हूं लड़ सकती हूंह्ल का नारा दिया, राजस्थान की बेटियों के लिए वो नारा कहां गया?सांसद सीपी जोशी ने कहा कि देश की महिलाएं आज जागरूक हैं और वे यह भली-भांति समझती हैं कि कौन उनके अधिकारों और सम्मान के लिए काम कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में जनता की अदालत में कांग्रेस और ऐसे विपक्षी दलों को इसका जवाब अवश्य मिलेगा। जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं को समान अवसर देने, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व क्षमता को नई दिशा मिलेगी, जो भारत के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला साबित होगी।

## ग्वालियर: जिले में पांच जरूरतमंद महिलाएं बनेंगी शक्ति दीदी

एजेंसी

**ग्वालियर :** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप हुए ₹शक्ति दीदी₹ नवाचार से जरूरतमंद महिलाओं को लगातार रोजगार मिल रहा है। इस नवाचार के तहत आज शनिवार को पांच जरूरतमंद महिलायें शक्ति दीदी बनेंगीं।

कलेक्टर रुचिका चौहान ने बताया कि ₹शक्ति दीदी₹ नवाचार के अंतर्गत जरूरतमंद महिलाओं को पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में जिला प्रशासन द्वारा नौकरी दिलाई जा रही है। जिले में वर्तमान में शक्ति दीदी के तहत पहले से ही जिले में 107 महिलाएं यह भूमिका




सफलतापूर्वक निभा रही हैं।इसी क्रम में आज कलेक्टर रुचिका चौहान सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पहुँचकर महिलाओं को ह्लशक्ति दीदीह्व के रूप में फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी दिलाएंगे। कलेक्टर दोपहर 12 बजे शहीद गेट बारादरी मुरार स्थित बीपी सेल्स पर नीलम मित्तल व आशा बाथम को शक्ति दीदी की जिम्मेदारी सौंपेंगी। इसी तरह गणेश पेट्रोलियम काल्पीब्रिज पर नीतू कुशवाह, दर्शन फिलिंग स्टेशन बिरला हॉस्पिटल रोड पर रूबी एवं रामजानकी फिलिंग स्टेशन गदाईपुरा पर सपना बाथम को शक्ति दीदी के रूप में फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

## मध्य प्रदेश में गर्मी ने दिखाए तीखे तेवर, तापमान 43 डिग्री के पार, आज 16 जिलों में लू का अलर्ट

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में गर्मी ने अब अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। शुक्रवार को सीजन में पहली बार तापमान 43 डिग्री के पार पहुंचा। खजुराहो में अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा। वहीं, 9 शहरों में पारा 42 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आज शनिवार के लिए 16 जिलों में हीट वेव यानी लू का अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, धार, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना शामिल हैं। वहीं, गर्मी के बढ़ते असर को देखते हुए प्रशासन ने कई जगहों पर स्कूलों के समय में बदलाव किया है। भोपाल में स्कूल अब सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक ही संचालित होंगे। इसके



अलावा नर्मदापुरम, ग्वालियर, बालाघाट, मैहर, रतलाम, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, रायसेन, डिंडौरी, अनूपपुर और उमरिया में भी नई समय-सारणी लागू की गई है। शुक्रवार को प्रदेश के कई जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया। उमरिया में 42.9 डिग्री, टीकमगढ़-नौगांव में 42.8 डिग्री, मंडला में 42.5 डिग्री, दमोह, गुना और दतिया में 42.2 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। सागर और सतना में 41.8 डिग्री, छिंदवाड़ा में 41.6 डिग्री, जबकि नर्मदापुरम और शाजापुर में 41.4 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो जबलपुर सबसे गर्म रहा, जहां पारा 42 डिग्री तक पहुंचा। भोपाल और ग्वालियर में 41.3 डिग्री, इंदौर में 40.6 डिग्री और उज्जैन में 40.5 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। कई जिलों में लू के थपेड़े भी महसूस किए गए। मौसम विभाग ने लोगों को गर्मी से बचाव के लिए एडवायजरी जारी की है। इसमें दिनभर पर्याप्त पानी पीने, शरीर को हाइड्रेट रखने, दोपहर में धूप से बचने और हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। साथ ही बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है।

## देश की संसद एक नया इतिहास रचने के निकट है : निर्मला

एजेंसी

**देवरिया :** नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष भारती शर्मा तथा भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को टाउन हॉल से जिला पंचायत तक महिलाओं ने पैदल यात्रा किया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया । इस दौरान नारी शक्ति जिंदाबाद, मोदी जी धन्यवाद जैसे स्लोगन लिखी दफ्तियों को हाथ में लेकर मोदी जी जिंदाबाद के नारे लगाए । जिला पंचायत परिसर में पहुंचने के बाद महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर नारी शक्ति जिंदाबाद कहा के नारे लगाए। इस दौरान शक्ति दौड़ भी लगाई गई तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में दीवार लेखन भी किया गया । जिला पंचायत परिसर में सभा को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल आश्वासन ही नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्पष्ट दृष्टि है कि वर्ष 2029 से संसदीय प्रणाली में महिलाओं की 33 प्रतिशत मौजूदगी रहे, वे सशक्त हों, नीति निर्धारण में उनकी सशक्त भूमिका हो और वे देश की मुखर आवाज बनें । जिला मंत्री निर्मला गौतम ने इस क्षण को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि देश की संसद एक नया इतिहास रचने के निकट है जो अतीत के विजन और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। सामाजिक न्याय के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि देश एक समतावादी भारत की कल्पना करता है जहां सामाजिक न्याय केवल एक नारा नहीं बल्कि कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग है । इस दौरान सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद्र तिवारी, अजय कुमार दुबे, श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, सीमा जायसवाल, शोभा यादव, ममता जायसवाल, अजय शाही, प्रमोद शाही, प्रभाकर तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, अजय सिंह, मारकंडे गिरी, संतोष चौरसिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## खेलते-खेलते गड्ढे में गिरा मासूम, पानी में डूबने से मौत

**मीरजापुर :** उत्तर प्रदेश में मीरजापुर जिले के विंध्याचल थाना क्षेत्र स्थित गैपुरा चौकी अंतर्गत कामापुर कला गांव के राजापुर मजरे में शनिवार सुबह हादसे में ढाई साल के मासूम खेलते–खेलते गड्ढे में जा गिरा। पानी में डूबने से मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी राममूरत पाल मुंबई में नौकरी करते हैं, जबकि उनकी पत्नी मनीषा देवी बच्चे रवि पाल के साथ घर पर रहती हैं। शनिवार सुबह करीब नौ बजे मनीषा घर के काम में व्यस्त थीं। इसी दौरान खेलते–खेलते मासूम घर के बाहर बने गहरे गड्ढे में गिर गया।

करीब दस मिनट तक बच्चा नजर नहीं आने पर मां परेशान हो गई और खोजबीन शुरू की। शोर सुनकर आसपास के लोग भी जुट गए। तभी किसी की नजर गड्ढे में पानी में डूबे बच्चे पर पड़ी। आनन–फानन में उसे बाहर निकालकर पास के क्लीनिक में ले जाया गया, जहां निजी चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में चौकी प्रभारी गैपुरा सुरेश दुबे ने बताया कि घटना की कोई सूचना पुलिस को नहीं मिली है।

## पानीपत में युवक ने नशीला पदार्थ पिलाकर 23 वर्षीय विवाहिता से दुष्कर्म किया

एजेंसी

**पानीपत :** पानीपत में एक 23 वर्षीय विवाहिता के साथ नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोपी युवक पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। महिला की शिकायत के अनुसार, आरोपी युवक उसका दूर का रिश्तेदार है। वह फोन पर उससे बातें करता था, जिसका पति ने विरोध किया। जब महिला ने बात करना बंद किया, तो आरोपी ने पुरानी कॉल रिकॉर्डिंग उसके पति को सुनाने की धमकी दी। रिकॉर्डिंग डिलिट करने के बहाने दिसंबर 2025 में आरोपी ने उसे सनौली के एक होटल में बुलाया। शिकायत के अनुसार, होटल में आरोपी ने महिला को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और इस दौरान उसकी अश्लील वीडियो बना ली। इसके



बाद आरोपी वीडियो वायरल करने का डर दिखाकर उसे बार-बार सनौली और आसपास के क्षेत्रों में बुलाकर गलत काम करता रहा है। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने वीडियो डिलीट करने की जिद की, तो आरोपी उसे फरीदपुर के पास ले गया और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए जबरदस्ती की। दो अप्रैल 2026 को आरोपी उसे अपने खेत में बने कोठे पर ले गया, जहां अश्लील वीडियो मांगने पर आरोपी ने उसे डंडों से बुरी तरह पीटा और जिंदगी तबाह करने की धमकी दी है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी उसे जबरदस्ती पानीपत कोर्ट ले गया और वहां डरा-धमका कर कई कोरे कागजों पर उसके हस्ताक्षर करवा लिए ताकि वह कानूनी कार्रवाई न कर सके।

## बिहार के दोनों डिप्टी सीएम को श्रेणी की सुरक्षा, गृह विभाग ने जारी किया आदेश

**सुपौल :** बिहार सरकार ने राज्य के विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। गृह विभाग (विशेष शाखा) की ओर से जारी आदेश के अनुसार बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री को ह्यह्न श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। गृह विभाग के संयुक्त सचिव नवीन चंद्र द्वारा 17 अप्रैल को जारी पत्र के अनुसार राज्य सुरक्षा समिति की बैठक में की गई अनुशंसाओं के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। जारी आदेश के मुताबिक उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव को ह्य श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक और विशेष शाखा को निर्देश दिया गया है कि राज्य सरकार के निर्णय के आलोक में दोनों उपमुख्यमंत्रियों को निर्धारित सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। गृह विभाग ने आदेश की प्रतिलिपि पुलिस महानिरीक्षक (सुरक्षा), सहायक निदेशक आसूचना ब्यूरो और विभागीय आईटी प्रबंधक को भी भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है।

# अमेरिका की तर्ज पर चीन ने नेपाल के जेन-जी के लिए नए कार्यक्रम की घोषणा की

**काठमांडू :** नेपाल स्थित चीनी दूतावास ने नेपाल के जेन-जी युवाओं को लक्षित करते हुए एक युवा नेतृत्व कार्यक्रम संचालित करने की घोषणा की है। अमेरिकी दूतावास के द्वारा संचालित यूथ काउंसिल ऑफ अमेरिका कार्यक्रम के तर्ज पर ही चीनी दूतावास ने जेन-जी लक्षित इस कार्यक्रम की घोषणा की है।

चीनी दूतावास के तरफ से आज नेपाल के सभी अखबारों के प्रथम पृष्ठ पर एक विज्ञापन देते हुए ह्यचाइनीज एम्बेसी यूथ पायोनियर प्रोग्राम (सी.एन.वाई.पी.)ह्ल नामक कार्यक्रम की घोषणा की है। इसमें बताया गया है कि इस पहल का उद्देश्य नेतृत्व विकास, सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन में युवाओं की भूमिका का विस्तार तथा चीनझ्रनेपाल के बीच आपसी समझ और सहयोग को मजबूत

YOUTH PIONEER
Chinese Embassy in Nepal

करना है। काठमांडू स्थित चीनी दूतावास के शनिवार कए एक बयान के अनुसार, इस कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों को नेतृत्व प्रशिक्षण, नीतिगत एवं सामाजिक मुद्दों पर चर्चा, कार्यशालाओं और अध्ययन भ्रमण में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। साथ ही चयनित युवाओं को चीन यात्रा का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। दूतावास ने बताया कि इस कार्यक्रम का लक्ष्य नेपाल में ह्यपरिवर्तनकारी सोचह्ल रखने वाले युवाओं का एक नेटवर्क तैयार करना है। प्रतिभागियों को विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों, कूटनीतिज्ञों और उद्यमियों के साथ संवाद का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आयु सीमा 22 से 34 वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छुक युवा पेशेवर, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। दूतावास ने आवेदन पत्र अंग्रेजी में भरकर ईमेल cnypnepal@163.com पर भेजने को कहा है। आवेदन की अंतिम तिथि 17 मई 2026 निर्धारित की गई है। दूतावास के अनुसार आवेदन पत्रों का मूल्यांकन कार्यक्रम के उद्देश्यों के अनुरूप किया जाएगा और अंततः 10 से 20 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

चयनित प्रतिभागी एक वर्ष तक विभिन्न प्रशिक्षण, गतिविधियों और नेटवर्किंग कार्यक्रमों में शामिल रहेंगे। कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद वे पूर्व प्रतिभागी नेटवर्क (एलुमनाइ) से जुड़ेंगे, जो निरंतर अवसर और सहयोग के मंच उपलब्ध कराएगा। काठमांडू स्थित दूतावास ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को समुदाय-आधारित परियोजनाओं के संचालन के लिए प्रोत्साहित करेगा। दूतावास को उम्मीद है कि यह पहल नेपाल के युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के साथ-साथ सतत सामाजिक और आर्थिक विकास में योगदान देगी।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका भी नेपाली युवाओं को लक्षित कर ऐसे कार्यक्रम संचालित करता रहा है। अमेरिकी यूथ काउंसिल के नाम से चल रहे इस संस्था के बारे में आम लोगों और अंतरराष्ट्रीय मीडिया को उस समय जानकारी हुई जब नेपाल में जेन-जी आंदोलन से जुड़े सभी बड़े नाम और नेतृत्वकर्ता अमेरिकी यूथ काउंसिल से उनकी आबाद्धता का पता चला। इतना ही नहीं नेपाल में सुशीला कार्की के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार के अधिकांश मंत्री अमेरिकी यूथ काउंसिल से ही जुड़े दिखाई दिए। अंतरिम प्रधानमंत्री कार्की के निजी सलाहकार रहे सभी व्यक्ति का जुड़ाव कभी न कभी अमेरिकी यूथ काउंसिल से होने की बात सामने आई थी। विश्लेषकों के अनुसार, चीन और अमेरिका जैसे बड़े शक्ति राष्ट्रों द्वारा चलाए जाने वाले ये कार्यक्रम केवल शैक्षिक या नेतृत्व विकास तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ह्यसॉफ्ट पावर कूटनीतिह्ल का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### सुपौल में बच्ची की मौत, परिजनों में आक्रोश

**सुपौल :** जिले के भपटियाही थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपराखुर्द चौक पर एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां झोलाछाप डॉक्टर द्वारा लगाए गए इंजेक्शन के बाद 10 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। मिली जानकारी के अनुसार, पिपराखुर्द वार्ड संख्या 6 निवासी सिताराम शर्मा की नातिन शिवानी कुमारी को तेज बुखार था। परिजन उसे इलाज के लिए गांव के चौक स्थित एक मेडिकल दुकान पर ले गए। दुकान संचालक विद्यानंद मंडल, जो स्वयं को ग्रामीण चिकित्सक बताते हैं, ने बच्ची को इंजेक्शन लगाया। उस समय बच्ची का तापमान करीब 102 डिग्री बताया जा रहा है। परिजनों के अनुसार, देर शाम करीब आठ बजे इंजेक्शन लगवाकर वे बच्ची को घर ले आए। लेकिन करीब 20 मिनट के भीतर ही उसकी हालत अचानक बिगड़ने लगी। बच्ची के हाथ-पैर सिकुड़ने लगे और वह अचेत होने लगी। स्थिति गंभीर देख परिजन घबराकर उसे दोबारा उसी डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे, जहां से उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। इसके बाद परिजन बच्ची को राघोपुर रेफरल अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। राघोपुर रेफरल अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अंजार अहमद ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। मृतका के मामा रंजीत कुमार ने आरोप लगाया कि उनकी भांजी की मौत झोलाछाप डॉक्टर द्वारा लगाए गए गलत इंजेक्शन के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि इंजेक्शन लगते ही बच्ची की हालत बिगड़ गई थी, जो स्पष्ट रूप से लापरवाही का मामला है। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि बिना वैध डिग्री के ग्रामीण क्षेत्रों में इलाज कर रहे ऐसे लोगों पर प्रशासन की लापरवाही के कारण ही इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं। वहीं, आरोपित विद्यानंद मंडल ने अपने बचाव में कहा कि उन्होंने केवल बुखार के इलाज के लिए सामान्य इंजेक्शन दिया था। उनका कहना है कि वे पिछले 35 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र में लोगों का इलाज करते आ रहे हैं और उन्होंने किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की है। इधर, स्थानीय थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में आवेदन मिलने के बाद जांच की जाएगी। यदि जांच में कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### तमिलनाडु में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का चुनावी दौरा आज

**चेन्नई:** राज्य में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को यहां पहुंचेंगे। डीएमके गठबंधन में शामिल कांग्रेस पार्टी को 28 सीटें आवंटित की गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक राहुल गांधी आज सुबह 8:30 बजे दिल्ली से विशेष विमान द्वारा सुबह 11:10 बजे चेन्नई हवाई अड्डे पहुंचेंगे। सुबह 11:30 बजे चेन्नई से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 11:45 बजे तिरुवल्लूर जिले के पोन्नेरी विधानसभा क्षेत्र पहुंचेंगे। वहां होने वाली जनसभा में वे 11:55 बजे से दोपहर 12:40 बजे तक भाग लेंगे। इसके बाद, पोन्नेरी से दोपहर 12:50 बजे हेलीकॉप्टर से रवाना होकर 1:15 बजे शोलिंगर पहुंचेंगे। वहां होने वाली जनसभा में वे 1:25 बजे से 2:10 बजे तक भाग लेंगे। इसके बाद 2:20 बजे शोलिंगर से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 2:45 बजे चेन्नई लौटेंगे। चेन्नई से 3:00 बजे विशेष विमान द्वारा रवाना होकर 3:45 बजे तिरुचिरापल्ली पहुंचेंगे। वहां से 3:50 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 4:05 बजे तुरैयूर पहुंचेंगे। तुरैयूर में 4:15 बजे से 5:00 बजे तक होने वाली जनसभा में भाग लेंगे। इसके बाद, 5:10 बजे तुरैयूर से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 5:25 बजे तिरुचिरापल्ली पहुंचेंगे। तिरुचिरापल्ली से 5:40 बजे विशेष विमान द्वारा रवाना होकर रात 8:30 बजे दिल्ली पहुंचेंगे।

### मप्र के मुख्यमंत्री आज बंगाल के चुनावी दौरे पर, जनसभाओं को करेंगे संबोधित

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शनिवार को पश्चिम बंगाल के चुनावी दौरे पर रहेंगे। वे यहां विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 11:30 बजे कमरहाटी में भाजपा प्रत्याशी अरुप चौधरी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे शाम 5 बजे मेदिनीपुर जिले के खड़गपुर सदर विधानसभा क्षेत्र पहुंचेंगे, जहां वरिष्ठ नेता और प्रत्याशी दिलीप घोष के समर्थन में जनसभा करेंगे।

### भोपाल में शिक्षकों का महाप्रदर्शन आज, टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ 50 हजार से अधिक जुटने की संभावना

**भोपाल:** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आज शनिवार को शिक्षकों का बड़ा शक्ति प्रदर्शन होने जा रहा है। ह्यअध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चाह्ल के आह्वान पर भेल स्थित दशहरा मैदान में प्रदेशभर से हजारों शिक्षक ह्यमुख्यमंत्री अनुरोध यात्राह्ल के तहत एकत्रित हो रहे हैं। आयोजकों का दावा है कि इस आंदोलन में 50 हजार से अधिक शिक्षकों की भागीदारी हो सकती है। मोर्चा के पदाधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य करना अन्यायपूर्ण है। उनका तर्क है कि नियुक्ति के समय सभी योग्यताएं पूरी करने के बाद अब 20झ्र25 साल की सेवा के बाद नई शर्तें थोपना न्यायसंगत नहीं है। मोर्चा के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश से प्रदेश के 90 से 95 प्रतिशत शिक्षक प्रभावित हुए हैं। खासकर वे शिक्षक, जो अध्यापक संवर्ग से शिक्षक संवर्ग में शामिल हुए हैं। ये शिक्षक पहले से ही कम वेतनमान, पेंशन, ग्रेच्युटी और सेवा अवधि की गणना जैसे मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। शिक्षकों का आरोप है कि सरकार नियुक्ति दिनांक से सेवा की गणना नहीं कर रही, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। अब टीईटी की अनिवार्यता से नौकरी और भविष्य को लेकर असुरक्षा बढ़ गई है। यदि सेवा प्रभावित होती है, तो पेंशन और ग्रेच्युटी भी कम मिलने की आशंका है। इससे पहले 8 अप्रैल को जिला स्तर और 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर आंदोलन हो चुके हैं। उसी क्रम में अब राज्य स्तरीय प्रदर्शन भोपाल में हो रहा है। मोर्चा के कई पदाधिकारियों ने शिक्षकों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। इधर, मध्य प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल कर दी है। ई-फाइलिंग रिकॉर्ड के अनुसार, यह याचिका शुक्रवार शाम 4 बजे दायर की गई। हाल ही में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शिक्षक संगठनों के साथ बैठक में सकारात्मक संकेत दिए थे। इसके तुरंत बाद रिव्यू पिटीशन दाखिल होना इस बात का संकेत है कि सरकार इस मुद्दे को प्राथमिकता से सुलझाने की कोशिश में है।



## जहर खाने से एक व्यक्ति की मौत

**चतरा:** जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बकचुंबा गांव से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। गांव के निवासी सुनील सोनी ने विषपान कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुनील सोनी देर रात अपनी पुत्री के तिलक कार्यक्रम से लौटे थे। इसी दौरान उन्होंने जहर खा लिया, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई और बाद में उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही राजपूतर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस पूरे घटनाक्रम के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है, पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है।

## लोकेश मिश्रा बने गोड्डा जिला के उपायुक्त

**ज्योति पाठक**



**गोड्डा:** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2016 बैच के लोकप्रिय कर्मठ और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले आईएएस अधिकारी लोकेश मिश्रा को गोड्डा जिला का नया उपायुक्त बनाया गया है । श्री मिश्रा आज उपायुक्त अंजली यादव से अपना पदभार ग्रहण करेंगे ।गौरतलब है कि लोकेश मिश्रा रांची जिला के अनुमंडल पदाधिकारी एडीएम लॉ एंड ऑर्डर भी रह चुके हैं । इसके अलावा कोडरमा के डीडीसी और खूंटी जिला के लोकप्रिय उपायुक्त के रूप में भी पदस्थापित रहे हैं । श्री मिश्रा वर्तमान समय में पांडिचेरी में विधानसभा चुनाव संपादित कराने के पश्चात रांची लौटे और उन्हें गोड्डा जिला का नया उपाय बनाया गया है । श्री मिश्रा ने बताया कि वह आज गोड्डा जिला के उपायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे।

## महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित



**दुमका:** झारखंड सरकार के उद्योग विभाग एवं झारखंड औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (जेआईआईडीसीओ) के संयुक्त तत्वावधान में विश्व बैंक समर्थित आरएएमपी कार्यक्रम के अंतर्गत दुमका जिला में महिला उद्यमिता के प्रोत्साहन हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को होटल युवराज पैलेस, गिलानपाड़ा, दुमका में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले की महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि बाजार लिंकेज, क्रेडिट लिंकेज एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में पलाश मार्ट के निर्माण के पश्चात महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों के विपणन हेतु एक सशक्त मंच उपलब्ध होगा। यह कार्यशाला मुख्य रूप से वर्तमान एवं संभावित महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूह के उन सदस्यों के लिए आयोजित की गई थी जो उद्यमिता की ओर अग्रसर हैं, साथ ही अपंजीकृत एमएसएमईएस, छोटे व्यवसाय के मालिकों एवं उद्यमिता में रुचि रखने वाले युवाओं को भी लक्षित किया गया। विशेषज्ञों द्वारा टरटए से संबंधित विभिन्न योजनाओं, व्यवसाय विस्तार, वित्तीय साक्षरता एवं उद्यम पंजीकरण के लाभों पर विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे जिले में औपचारिक महिला टरटए इकाइयों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की गई। कार्यक्रम के दौरान आरएएमपी कार्यक्रम एवं एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र पर जागरूकता, जैसी योजनाओं की जानकारी, व्यवसाय योजना निर्माण, वित्तीय प्रबंधन तथा बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के माध्यम से ऋण सुविधा से संबंधित महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक दास कुमार एक्का, जिला कृषि पदाधिकारी निशा कुल्लु, डीपीएम जेएसएलपीएस, श्रम अधीक्षक सूरज हांसदा, एलडीएम आशुतोष कुमार,ईओडीबी प्रबंधक मनोज कुमार प्रामाणिक, प्रखंड उद्यमी समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु कुटीर एवं उद्यम विकास बोर्ड सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं महिला उद्यमी उपस्थित थे।

## विवेकानंद आइडियल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का पांच दिवसीय शैक्षणिक पर्यटन कार्यक्रम संपन्न



**डोमचांच:** प्रखंड अंतर्गत रामकृष्ण विवेकानंद एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित विवेकानंद आइडियल पब्लिक स्कूल नवादा चौक धरगांव के विद्यार्थियों का पांच दिवसीय शैक्षणिक पर्यटन कार्यक्रम संपन्न हुआ। ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने पर्यटन में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह पूरा संसार ही एक खुला किताब है। इसकी घटनाएं इसके लता पेड़ पौधे पहाड़ झरने जीव जंतु सब सीखाने के लिए पर्याप्त है। शैक्षिक पर्यटन में विद्यालय के कुछ 15 बच्चों ने भाग लिया। इन सभी विद्यार्थियों को कोलकाता महानगरी में अवस्थित शैक्षिक ऐतिहासिक वैज्ञानिक स्थाल का भ्रमण कराया गया। साथ ही साथ अखिल भारत विवेकानंद युवा महामंडल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विवेक वाहिनी प्रशिक्षण शिविर में भी बच्चों ने भाग लिया। शिविर में नैतिक मूल्य पर आधारित अभिनय गीत, कहानी कथन तथा पाठ चक्र होता है। साथ ही साथ खेल-कूद आसन व्यायाम परेड इत्यादि होता है। मौके पर भारत के सांस्कृतिक सामाजिक विरासत तथा विविधता की समझ लाने के लिए गीत संगीत के कार्यक्रम हुए। उक्त प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य बच्चों को वर्तमान परिवेश में एक मजबूत व्यक्तित्व प्रदान करना है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। स्वस्थ शरीर, सुंदर एवं सबल मन के लिए मन की एकाग्रता एवं हृदय का समुचित विकास के लिए चरित्र के गुणों का अभ्यास कराया जाता है। मौके पर प्रधानाचार्य जयप्रकाश मेहता ने अपने शारीरिक मानसिक सामाजिक आध्यात्मिक समझ एवं स्तर में सुधार के लिए, सर्वांगीण विकास प्राप्त करने के लिए प्रत्यक विद्यार्थी को उसके रुचि के अनुरूप व्यवहारिक दिशा देना हमारे विद्यालय का महत्वपूर्ण कार्य है।

# झारखंड संयुक्त और सैनिक सेवा (सीधी भर्ती) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा कल, 19 परीक्षा केंद्र में होगी आयोजित

**संवाददाता**



**दुमका:** झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा (सीधी भर्ती) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2025 (वि० सं०-1/2026) दिनांक-19।04।2026 (रविवार) को दुमका जिला अंतर्गत 19 परीक्षा केन्द्रों में प्रथम पाली (पूर्वाह्न 10:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक) एवं द्वितीय पाली (अपराह्न 03:00 बजे सेअपराह्न 05:00 बजे तक) आयोजित की जायेगी। जिले में 19 परीक्षा केंद्र जो बनाए गए हैं :-

1. एसपी महिला कॉलेज, एयरपोर्ट रोड, नेक्सट टू डीसी रेसीडेन्स दुमका।
2. राजकीय शास्त्री स्मार्क मध्य विद्यालय, दुमका खुटाँबांध, दुमका।
3. राजकीय मध्य विद्यालय, डंगालपाड़ा, नगरपालिका चौक, दुमका।
4. एएन डिग्री कॉलेज दुमका, नियर रेलवे स्टेशन नेतुर पहाड़ी, दुमका।
5. एएन इंटर कॉलेज दुमका, नेतुर पहाड़ी, नियर हाईवे दुमका।
6. वेशटर्न इंगलिश स्कूल, बलियाडंगाल, रिंग रोड, दुमका।
7. राजकीय उच्च विद्यालय, कड़हलबील, दुमका।
8. एसएस विधा बिहार स्कूल, दुमका आजाद नगर न्यू कुम्हारपाड़ा दुमका।
9. ज्ञान मंजरी हाई स्कूल, शिवपहाड़, दुमका।
10. जिला सीएम स्कूल ऑफ एक्सेलेन्स दुमका, नियर यज्ञ मैदान, दुमका।
11. संत जोसेफ हाई स्कूल, दुमका, बक्सी बांध रोड, दुमका।
12. संत मेरी हाई स्कूल बक्सी बांध रोड, दुमका।
13. पीएम श्री +2 नेशनल हाई स्कूल, दुमका, दुधानी गौशाला रोड, दुमका।
14. श्रीराम कृष्ण आश्रम, हाई स्कूल दुमका।
15. संत तेरेसा बालिका मध्य विद्यालय, दुधानी, दुमका।
16. संत तेरेसा बालिका उच्च विद्यालय, दुधानी, दुमका
17. सरस्वती शिशु विधा मंदिर, मजिस्ट्रेट कॉलोनी, पुलिस लाइन, दुमका।
18. जिला सीएम स्कूल ऑफ एक्सेलेन्स गर्ल्स दुमका, नियर डीसी चौक, दुमका।
19. बाल भारती हाई स्कूल, थाना रोड, दुमका।

सभी परीक्षा केन्द्रों में कदाचार मुक्त शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संचालन हेतु विधि व्यवस्था बनाये रखना आवश्यक है। परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्रों के अगल-बगल अनावश्यक भीड़, मटरगश्ती, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग एवं अनाधिकृत रूप से हथियार आदि लेकर चलने तथा कदाचार से संबंधित किसी प्रकार का वस्तु का उपयोग करने आदि पर प्रतिबंध है।अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा उपरोक्त सभी परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में परीक्षा अवधि में धारा 163 भानासुसं के तहत निषेधाज्ञा लागू की गयी है।

## बिजली दर में वृद्धि के खिलाफ भाजपा का विरोध -प्रदर्शन संपन्न



**संवाददाता**

**दुमका:** झारखंड सरकार द्वारा बिजली दर में की गई भारी वृद्धि के विरोध में शुक्रवार को दुमका भाजपा द्वारा जिलाध्यक्ष रूपेश मंडल के नेतृत्व में महुआडंगाल स्थित बिजली विभाग कार्यालय के समक्ष जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित रहे और राज्य सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व राज्यसभा सांसद अभयकांत प्रसाद,पूर्व सांसद सुनील सोरेन एवं जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मृणाल मिश्रा द्वारा किया गया। विरोध -प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद अभयकांत प्रसाद (बम बाबू) ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड सरकार पूरी तरह से जनविरोधी और असंवेदनशील हो चुकी है। चुनाव के समय किए गए बड़े-बड़े वादों से जनता को भ्रमित कर सत्ता में आई यह सरकार अब बिजली दर में बेतहाशा वृद्धि कर आम जनता की कमर तोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 200 यूनिट मुफ्त बिजली का झूठा सपना दिखाकर अब जनता से बढ़े हुए दर के माध्यम से वसूली की जा रही है, जो सरासर धोखा है। भाजपा केपूर्व लोकसभा सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि राज्य में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। एक ओर लगातार बिजली कटौती,जले हुए ट्रांसफार्मरों का समय पर नहीं बदला जाना और दूसरी ओर स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उपभोक्ताओं को एकमुश्त भारी-भरकम बिल देकर परेशान किया जा रहा है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। भाजपा इस अन्याय के खिलाफ सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेगी।

जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर (दिलीप बाबू )ने कहा कि बिजली दर में वृद्धि से सबसे ज्यादा प्रभावित किसान,गरीब और छोटे व्यवसायी हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति यूनिट 50 पैसे और शहरी क्षेत्रों में 55 पैसे की वृद्धि ने आम जनजीवन को संकट में डाल दिया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने इस जनविरोधी निर्णय को जल्द वापस नहीं लिया,तो भाजपा पूरे राज्य में उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश मंडल ने कहा कि यह आंदोलन जनता की आवाज है और सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी जनता के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी जनविरोधी निर्णय के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा।

**भाजपा की प्रमुख मांगें निम्नलिखित हैं:**

- बढ़े हुए बिजली दर को अविलंब वापस लिया जाए।
- राज्य में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।
- जले हुए ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदला जाए।
- मरम्मत के नाम पर बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित करना बंद किया जाए।
- स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही लूट पर रोक लगाई जाए।

धरना प्रदर्शन में जरमुंडी के विधायक श्री देवेंद्र कुंवर,जिलाध्यक्ष रूपेश कुमार मण्डल,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद,प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील सोरेन,पूर्व प्रदेश मंत्री रवि कांत मिश्रा, अमिता रक्षित, पवन केशरी, सोनी हेमब्रम, मनोज पांडे, मृणाल मिश्रा,धर्मेंद्र सिंह, गायत्री जयसवाल, अनिता देवी, कालेश्वर लायक, रघुनाथ रजक, श्रीधर दास, नवल किस्कु, पंकज वर्मा, दिप्तांशु कोचगवे, गनपति पाल, सुभाष यादव, मनीष कुमार, दिनेश सिंह, राजू पुजहर, प्रवीण सिंह, जितेंद्र कुमार, तरुण कुमार मंडल, सुजीत यदुवंशी, रवि राउत, नंद किशोर मंडल, संतोष कुमार, विजय ठाकुर, बसुदेव झा, राजेश वर्मा,अजय वर्मा, अखिलेश्वर सिंह,दुर्योधन राय, सुदीप राउत, राम कुमार साह, कामेश्वर मंडल, सुबोध मंडल, ओम केशरी, कृष्णा किशोर,हेमंत साह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

## आठवां पोषण पखवाड़ा के तहत उपायुक्त ने जागरूकता रथ किया रवाना



**दुमका:** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने समाहरणालय परिसर से आठवां पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उपायुक्त श्री सिन्हा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं कुपोषण के उन्मूलन के लिए आमजन को प्रेरित करना है। जागरूकता रथ 23 अप्रैल तक विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों का भ्रमण करेगा।

इसके उपरांत समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्री सिन्हा की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त श्री सिन्हा ने सर्वप्रथम पूर्व की बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण ट्रैकर, अपेयर आईडी रिपोर्ट, पेयजल, शौचालय एवं विद्युत व्यवस्था, पीएम- जनमन, धरती आबा सहित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत संरचना, पोषण वाटिका निर्माण, केंद्र भवन निर्माण/रख-रखाव/उन्नयन तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं एमटीसी से संबंधित प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त श्री सिन्हा ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि लाभुकों को योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त हो सके। इसके उपरांत उपायुक्त श्री सिन्हा द्वारा सहिया एवं सेविकाओं को शॉल एवं बंडी प्रदान किया गया तथा पोषण पखवाड़ा 2026 के सफल आयोजन हेतु शपथ दिलाई गई। बैठक में उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अंजू कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी कला गतिविधि

## लू से बचाव पर विषय पर छात्राओं को चित्र व पोस्टर सृजन के लिए किया गया प्रेरित



**संवाददाता**

**चक्रधरपुर:** आज स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी भोजपुर के कला प्रेक्षागृह में सुरक्षित शनिवार गतिविधि के साथ - साथ कला गतिविधि आयोजित किया गया। सुरक्षित शनिवार के अंतर्गत विषय रखा गया था,लू से बचाव, साथ में इसी विषय पर छात्राओं को चित्र व पोस्टर सृजन के लिए प्रेरित किया गया। तकरीबन 25 छात्राओं ने अपने अनुभव व समझ को,सौंदर्य दर्शन के साथ विषय के प्रसांगिकता को प्राथमिकता देते हुए चित्र सृजित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय राय ने छात्राओं के बीच संबोधित करते हुए कहा विद्यालय गतिविधियां छात्र जीवन का हिस्सा होता है। इस समय गर्मी लू का समय चल रहा है, इस तरह के आयोजन से छात्राओं में जागरूकता आता है। निश्चित रूप से छात्राओं द्वारा रचित सृजित चित्र उनके कलात्मक समझ को प्रदर्शित करता है। वहीं संगीत शिक्षक प्रमोद कुमार ने अपने संबोधन क्रम में,छात्राओं द्वारा सृजित चित्र व पोस्टर पर उनके कलात्मक को लेकर गहरी बातें कही। श्री प्रमोद कुमार ने लू पर बचाव के तरह तरह के उपाय को बड़ा मौलिक अंदाज में

**तकरीबन 25 छात्राओं ने अपने अनुभव व समझ को,सौंदर्य दर्शन के साथ विषय के प्रसांगिकता को प्राथमिकता देते हुए चित्र सृजित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय राय ने छात्राओं के बीच संबोधित करते हुए कहा विद्यालय गतिविधियां छात्र जीवन का हिस्सा होता है।**

छात्राओं के बीच रखा। संस्कृत शिक्षक सुनित त्रिपाठी, गणित शिक्षक सुकेश कुमार अपने संबोधन क्रम में विद्यालय गतिविधि और कला के सारगर्भित पक्ष को रखा। चित्रों का अवलोकन करते हुए शिक्षकों ने आने वाले समय को छात्राओं के भविष्य के लिए बेहतर पल व सृजनात्मक समझ से जोड़ा। सुरक्षित शनिवार विषय को लेकर हमेशा विद्यालय में कलात्मक गतिविधियां आयोजित होते रहती है। कला शिक्षक रौशन राय ने पुरे कला गतिविधि को संयोजित किया था। अपने संबोधन में श्री राय ने कहा कि चित्रों की अपनी भाषा होती है, जो छात्राओं के आंतरिक वेदना को चित्र धरातल पर लाती है। ज्यादातर चित्रों में सापाट रंगों का प्रयोग हुआ है,बाल मनोविज्ञान बाल कला में रंग रोगन सपाट होने से रंग की प्रसांगिकता बढ़ जाता है। वहीं कुछ छात्राओं ने निबंध लेखन में हिस्सा ले सुरक्षित शनिवार के गतिविधि प्रसांगिकता से जोड़ शिक्षकों के मन मस्तिष्क को आकर्षित किया। कला कार्यशाला में भाग लेने वाली मुख्य छात्राएं किरण कुमारी, रोजी खातून, आयूषी राज, रागिनी वर्मा,सुरूचि कुमारी, सुमन कुमारी, काजल कुमारी, ज्योति कुमारी, अंजली कुमारी, गुड़िया कुमारी, सिद्धि कुमारी, आरती कुमारी,प्रिंसी कुमारी, खुशी कुमारी,आशी कुमारी, आयूषी राज, अंशू कुमारी, खुशबू कुमारी, गुलशन कुमारी व अन्य।